यूनियन धारा
Union Dhara

जिल्द. 48, सं. 3 VOL.XXXXVIII NO. 3, मुंबई जुलाई-सितंबर, 2023

एम.एस.एम.ई. विशेषांक
SPECIAL ISSUE ON M.S.M.E.

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA

गृह पत्रिका • HOUSE MAGAZINE OF
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking

यूनियन धारा
Union Dhara

प्रकाशन तिथि : 14.11.2023

संरक्षक Patron

ए. मणिमेखलै A Manimekhalai
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ Managing Director & CEO

प्रधान संपादक Chief Editor

अरुण कुमार Arun Kumar
महाप्रबंधक (मा.सं.) General Manager (HR)

संपादकीय सलाहकार Editorial Advisors

ए. के. विनोद A. K. Vinod
मुख्य महाप्रबंधक CGM

शैलेश कुमार सिंह Shailesh Kumar Singh
मुख्य महाप्रबंधक CGM

योगेंद्र सिंह Yogendra Singh
मुख्य महाप्रबंधक CGM

रामजीत सिंह Ramjeet Singh
सहा. महाप्रबंधक (रा.भा.) AGM (OL)

संपादक Editor

गायत्री रवि किरण Gayathri Ravi Kiran
मुख्य प्रबंधक (रा.भा.) Chief Manager (OL)

संपादन सहयोग Editorial Support

नितिन वासनिक Nitin Wasnik
सहा. प्रबंधक (रा.भा.)
Asst. Manager (OL)

जागृति उपाध्याय Jagriti Upadhyay
सहा. प्रबंधक (रा.भा.)
Asst. Manager (OL)

गृह पत्रिका • HOUSE MAGAZINE OF

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम

Union Bank of India
A Government of India Undertaking

अनुक्रमणिका Contents

- परिदृश्य 1
- संपादकीय 2
- हार्दिक शुभकामनाएं 3
- भारतीय अर्थव्यवस्था और एम.एस.एम.ई. क्षेत्र 4-5
- एम.एस.एम.ई. भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी 6-7
- एम.एस.एम.ई.: चुनौतियां और समाधान 8-9
- शिखर की ओर / शुभमस्तु 10
- एम.एस.एम.ई.: विकास का प्रमुख कारक 11-12
- एम.एस.एम.ई. : नवीनतम रुझान एवं भविष्य 12-13
- सी.जी.टी.एम.एस.ई. : एम.एस.ई. क्षेत्र की वृद्धि और विकास का इंजन .. 14-15
- आयात पर निर्भरता कम करने में एम.एस.एम.ई. की भूमिका 16-17
- स्वतंत्रता दिवस समारोह 18-19
- पारंपरिक उद्योगों का महत्व 20-21
- एम.एस.एम.ई.: ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगिकीकरण का उपाय ... 22-23
- एम.एस.एम.ई. : भारतीय दृष्टिकोण 24
- M.S.M.E. : An Indian Perspective 25-27
- सीएसआर गतिविधियां 28-29
- MSMEs : Challenges and Solutions 30-31
- M.S.M.E. : A Major Driver of Growth 32-34
- M.S.M.E. AND STARTUPS 35
- सेंटर स्प्रेड 36-37
- Role of MSMEs in Indian Economy 38-40
- Continued Digital adoption under M.S.M.E. 41-42
- M.S.M.E. : Latest Trends and Road Ahead 43-44
- M.S.M.E.: Way Towards Industrialization of Rural and Backward Areas 45-46
- प्रतियोगिता/परिणाम 47
- काव्यधारा 48-49
- यू-जीनियस 50-51
- Face In UBI Crowd 52-53
- First Loss Default Guarantee 54-55
- Know Your Coin 56-57
- Udupi Sri Krishna Temple 58-59
- सेवानिवृत्त जीवन से 60
- हमें गर्व है / व्यंजन 61
- समाचार 62-71
- आपकी पाती 72

ई-मेल E-mail: uniondhara@unionbankofindia.bank
gayathri.ravikiran@unionbankofindia.bank
Tel.: 022-41829288 | Mob.: 9849615496

यूनियन धारा में प्रकाशित लेख आदि में व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं और प्रबंधन का इनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है.

The views expressed in the articles published in Union Dhara are solely that of the author and do not necessarily reflect the views of the management.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आंतरिक परिचालन हेतु प्रकाशित.
Published by Union Bank of India for internal circulation

परिदृश्य
PERSPECTIVE

प्रिय यूनियनाइट्स,

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि 'यूनियन धारा' का वर्तमान संस्करण भारत में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को कवर कर रहा है. मुझे उम्मीद है कि यह अंक जानकारी से भरपूर होगा तथा एम.एस.एम.ई. और भारत के विकास को आगे बढ़ाने में इसके महत्व पर अच्छी संदर्भ सामग्री प्रदान करेगा. प्रत्येक अंक में ऐसे जीवंत मुद्दों के संकलन के लिए मैं टीम 'यूनियन धारा' की सराहना करती हूँ.

हमारे देश के वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में, एम.एस.एम.ई. उद्यमशीलता को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर पैदा करने और सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में लगभग 63 मिलियन उद्यम शामिल हैं, जो भारत की जीडीपी में 30%, विनिर्माण में 45%, निर्यात में 40% योगदान देते हैं और 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं. एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए, वित्त, प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और बाजार संपर्क तक पहुंच सहित एक अनुकूल वातावरण प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है. सरकारी नीतियां और वित्तीय संस्थानों का समर्थन एम.एस.एम.ई. के विकास और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण हैं, जो अंततः एक मजबूत और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान देता है.

देश की प्रगति के साथ, एक सुव्यवस्थित वित्तीय क्षेत्र यह सुनिश्चित करता है कि एम.एस.एम.ई. सहित समाज के सभी क्षेत्रों तक व्यापक आर्थिक विकास के लाभ पहुंचें. यह समग्र दृष्टिकोण एक गतिशील और समावेशी अर्थव्यवस्था के विकास का समर्थन करता है, जो निरंतर प्रगति और समृद्धि की नींव रखता है.

हमारा बैंक एम.एस.एम.ई. के विकास को सुविधाजनक बनाने के अनुरूप वित्तीय उत्पाद एवं सेवाएँ और डिजिटल समाधान प्रदान करने में सबसे आगे रहा है. हम एम.एस.एम.ई. के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों को समझते हैं और उनकी विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए कई वित्तीय उत्पादों को डिजाइन किया है. सरकार की पहल और नियामक ढांचे के अनुरूप, हमारा बैंक एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में वित्तीय समावेशन और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है.

'यूनियन धारा' का यह अंक एम.एस.एम.ई. ऋण देने में हमारे अनुभवों, अंतर्दृष्टि और सफलता की कहानियों को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में उपलब्ध है. हमें उम्मीद है कि यहां प्रस्तुत जानकारी यूनियनाइट्स को भारत में एक मजबूत और लचीले एम.एस.एम.ई. पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में सहयोग करने के लिए प्रेरित करेगी.

शुभकामनाओं सहित,

(ए. मणिमेखलै)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Dear Unionites,

I am happy to note that the present edition of 'Union Dhara' is covering M.S.M.E. Sector in India. I hope that it is going to be informative and provide good reference material on MSMEs and its importance in driving India's growth. I commend the team 'Union Dhara' for bringing such vibrant issues every time.

In the current economic landscape of our country, MSMEs play a crucial role in fostering entrepreneurship, creating employment opportunities, and contributing significantly to GDP. As per government data, the M.S.M.E. sector comprises nearly 63 million enterprises, which contribute 30% to India's GDP, 45% to manufacturing, 40% to exports, and provides employment to over 11 crore people. To harness the full potential of the M.S.M.E. sector, it is essential to focus on providing a conducive environment, including access to finance, technology, skill development, and market linkages. Government policies and support from financial institutions are critical in fostering the growth and sustainability of MSMEs, ultimately contributing to the building of a strong and prosperous India.

As a country progresses, a well-functioning financial sector ensures that the benefits of economic growth are widespread, reaching all sectors of society, including MSMEs. This holistic approach supports the development of a dynamic and inclusive economy, laying the foundation for sustained progress and prosperity.

Our Bank has been at the forefront of facilitating the growth of MSMEs by providing tailored financial products & services, and digital solutions. We understand the unique challenges faced by MSMEs and have designed a comprehensive suite of financial products to address their diverse needs. In alignment with the government's initiatives and regulatory frameworks, our Bank remains dedicated to fostering financial inclusion and sustainable development across the M.S.M.E. sector.

This issue of 'Union Dhara' serves as a platform to share our experiences, insights, and success stories in M.S.M.E. lending. We hope that the information presented here inspires Unionites to collaborate towards building a robust and resilient M.S.M.E. ecosystem in India.

With best regards,

(A. Manimekhalai)
Managing Director & CEO

संपादकीय
EDITORIAL

प्रिय पाठकगण,

हम 'यूनियन धारा' का 'एम.एस.एम.ई. विशेषांक' आपके समक्ष सहर्ष प्रस्तुत करते हैं. इस अंक में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की विशेषताएं और अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है.

एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को आर्थिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण भाग माना गया है. इस क्षेत्र के अंतर्गत उद्यमिता और स्वयं नियोजन को बढ़ावा दिया गया है और प्रत्येक नागरिक को स्वयं आगे बढ़ने और अपने साथ-साथ समाज को भी विकास की दिशा में अग्रसर करने हेतु पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराया गया है. व्यष्टि और समष्टि के उद्धार से देश के विकास का सुनहरा मार्ग प्रशस्त किया गया है.

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा इस संवर्ग के अंतर्गत कारोबार विकास हेतु कई पहल की गई हैं. सरकारी नीतियों के अनुरूप कई उत्पाद विकसित किए गए हैं जो छोटे से छोटे व्यापारों से लेकर बड़े उद्योगों के वित्तपोषण हेतु सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध कराते हैं. साथ ही व्यावसायिकों, यथा डॉक्टर, आर्किटेक्ट आदि, के लिए भी अनुकूलित उत्पाद उपलब्ध हैं. एम.एस.एम.ई. ऋण संवर्ग के अंतर्गत कारोबार वृद्धि हेतु समय-समय पर कई अभियान भी चलाए जाते हैं और जागरूकता मुहिम किए जाते हैं.

हमारे लेखकों ने एम.एस.एम.ई. के संबंध में सर्वतोमुखी जानकारी युक्त इस विशेष अंक के प्रकाशन के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है. इस अंक के लिए अपने लेख के रूप में आशीर्वाद देने हेतु हम आदरणीय कार्यपालक निदेशक श्री निधु सक्सेना जी के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हैं. गृह पत्रिका को मूर्त रूप देने हेतु संपादकीय सलाहकारों के अमूल्य सुझाव से प्राप्त मार्गदर्शन हेतु हम कृतज्ञ हैं.

आशा है कि 'यूनियन धारा' का 'एम.एस.एम.ई. विशेषांक' आपको रुचिकर लगेगा. हम इस अंक के बारे में आपकी राय तथा मूल्यवर्धन हेतु आपके सुझाव का लाभ पाने की इच्छा रखते हैं, अत: हमें अपनी प्रतिक्रिया अवश्य भेजें.

आपकी,

(गायत्री रवि किरण)

Dear Readers,

We are happy to present the 'M.S.M.E. special issue' of 'Union Dhara'. In this issue have endeavored to present the features and latest developments in the M.S.M.E. sector

M.S.M.E. sector is considered to be an important part of the economy. This sector promotes entrepreneurship and self-employment beside providing ample opportunities to every citizen to strive for individual growth as well as becoming a driving factor for the advancement of the society. A glorious path is paved for development of the country by facilitating micro and macro development.

Public sector banks have launched many initiatives for business growth under this sector. Many products have been developed in tune with government policies, which provide convenient options for providing finance as per the requirements of small traders as well as big industries. Further, customised products are also available for professionals like Doctors, Architects, etc. Many campaigns and awareness initiatives are also taken up from time to time for promoting business growth under M.S.M.E. portfolio.

Our writers have made significant contribution for publication of this holistic special issue on M.S.M.E.. We express our special thanks to respected Executive Director Shri Nidhu Saxena ji for his blessings in the form of the lead article. We are grateful to the editorial advisors for their invaluable inputs in bringing forth this issue.

Hope this M.S.M.E. special issue of 'Union Dhara' makes for an interesting read. We wish to benefit from your opinion regarding this issue and suggestions for further improvement, so kindly do send us your response.

Yours sincerely,

(Gayathri Ravi Kiran)

हार्दिक शुभकामनाएं

श्री संजय रुद्र ने दिनांक 09 अक्तूबर, 2023 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में शामिल होने से पहले, आप बैंक ऑफ महाराष्ट्र के महाप्रबंधक और मुख्य जोखिम अधिकारी रह चुके हैं.

आपके पास बैंकिंग के विभिन्न पहलुओं जैसे क्रेडिट, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र, एम.एस.एम.ई. और एकीकृत जोखिम विभाग में तीन दशकों से अधिक का समृद्ध अनुभव है. आप एल एंड डी वर्टिकल के प्रभारी भी रह चुके हैं और आपके पास डिजिटल लेंडिंग के विकास परीक्षण का अतिरिक्त प्रभार भी रहा है.

आपने वेलिंगकर इंस्टीट्यूट से भौतिकी में स्नातकोत्तर डिग्री और वित्तीय प्रबंधन में डिप्लोमा हासिल की है. आप आई.आई.बी.एफ़. के एसोसिएट सदस्य हैं. आपने आई.आई.एम. बेंगलूरु से एफ.एस.आई.बी. द्वारा संचालित, नेतृत्व विकास कार्यक्रम में भाग लिया है. आपने केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, यूएसए के सहयोग से आई.एस.बी., हैदराबाद द्वारा आयोजित ग्लोबल एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम में भी भाग लिया है.

श्री रुद्र, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कायापलट की अगुवाई करनेवाले वरिष्ठ नेतृत्व प्रबंधन में एक सक्रिय सहयोगी थे. उन्होंने महाराष्ट्र एक्ज़ीक्यूटर एंड ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (बैंक ऑफ महाराष्ट्र की सहायक कंपनी) के बोर्ड में निदेशक के रूप में कार्य किया है.

श्री लाल सिंह ने 1990 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में ग्रामीण विकास अधिकारी के रूप में अपना करियर शुरू किया. आपको वाणिज्यिक बैंकिंग के विभिन्न आयामों, विशेष रूप से एम.एस.एम.ई. क्रेडिट, उभरते कॉर्पोरेट वित्त, कृषि कारोबार, ज्ञानार्जन एवं विकास सहित मानव संसाधन प्रबंधन में 33 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव प्राप्त है. आपने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में विभिन्न अंचल कार्यालय, वाराणसी, लखनऊ और चेन्नई के क्षेत्र महाप्रबंधक, क्षेत्र प्रमुख उदयपुर और मुंबई पश्चिम क्षेत्र के साथ-साथ राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में बैंक की ग्रामीण, शहरी, मेट्रो, फ़ॉरेक्स शाखाओं के शाखा प्रमुख के रूप में महत्वपूर्ण पदों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है. आपने कॉर्पोरेट ऑफिस में कृषि कारोबार वर्टिकल हेड, महा प्रबंधक एम.एस.एम.ई. तथा मानव संसाधन के पद पर कार्य किया है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ दो बैंकों के समामेलन के बाद आपने कृषि कारोबार वर्टिकल और एम. एस.एम.ई. वर्टिकल में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं.

आप विज्ञान में स्नातकोत्तर हैं, भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (सी.ए.आई.आई.बी.) के प्रमाणित एसोसिएट हैं तथा आपको ट्रेजरी, निवेश और जोखिम प्रबंधन (डी.आई.टी.आई.आर.एम.) में डिप्लोमा और माइक्रो फाइनेंस में प्रमाणन भी प्राप्त हैं. आपने यूवीए डार्डन स्कूल ऑफ बिजनेस - वर्जीनिया यूएसए और आईएसबी, हैदराबाद में नेतृत्व विकास कार्यक्रम में भी भाग लिया है. आप आई.आई.एम.बी., बी.बी.बी. (अब एफ.एस.आई.बी.) द्वारा विशेष रूप से आई.बी.ए. और डी.एफ.एस. के सहयोग से आई.आई.एम. बेंगलूरु से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के कार्यपालक के लिए उच्च नेतृत्व कार्यक्रम प्रबंधन, व्यवहारिक विज्ञान पाठ्यक्रम पूरा किया है.

आप ऋण जमा अनुपात एवं बी.जी.आर.ई.आई. पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तर प्रदेश की उप समिति के अध्यक्ष थे. आप यूपी इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड (यू.पी.आई.सी.ओ.), मेसर्स नैबसमृद्धि फाइनेंस लिमिटेड (नाबार्ड की सहायक कंपनी), पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड, भारतीय माइक्रो फाइनेंस इक्विटी फंड सिडबी का पर्यवेक्षी बोर्ड के बोर्ड में नामित निदेशक थे. भारतीय बैंक प्रबंधन संस्थान (आई.आई.बी.एम.), गुवाहाटी के गवर्निंग बोर्ड के ट्रस्टी और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट (यू.बी.एस.एफ.टी.), के साथ-साथ पेंशन, भविष्य निधि और ग्रेच्युटी के लिए यूनियन बैंक कर्मचारी ट्रस्ट के ट्रस्टी भी रहे हैं.

आपने दिनांक 09 अक्तूबर, 2023 को बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है.

भारतीय अर्थव्यवस्था और एम.एस.एम.ई. क्षेत्र

निधु सक्सेना
कार्यपालक निदेशक

एम.एस.एम.ई. क्षेत्र : एम.एस.एम.ई. यानी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का एक अत्यधिक जीवंत और गतिशील क्षेत्र है. एम.एस.एम.ई. वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार, भारत में लगभग 6-7 करोड़ एम.एस.एम.ई. हैं. इनमें से लगभग 99% एम.एस.एम.ई. इकाइयां सूक्ष्म उद्यम हैं तथा 50% से अधिक इकाइयां ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हैं. अधिकांश एम.एस.एम.ई. इकाइयां एकल स्वामित्व वाली संस्थाएं हैं. एम.एस.एम.ई. न केवल बड़े उद्योगों की तुलना में कम पूंजी लागत पर बड़े रोजगार के अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगिकीकरण में भी मदद करते हैं, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन कम होता है और राष्ट्रीय आय और धन-संपदा का अधिकतम न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित होता है.

अर्थव्यवस्था में एम.एस.एम.ई. का महत्व : भारत की जीडीपी में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र का लगभग 30% योगदान है. निर्यात अर्जन में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की 40% हिस्सेदारी है. एम.एस.एम.ई. क्षेत्र के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त है. विनिर्माण उत्पादन में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की 45% हिस्सेदारी है. नवाचार, उद्यमिता विकास, महिला सशक्तिकरण, संतुलित/ समावेशी आर्थिक विकास एवं गरीबी उन्मूलन में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र का अहम योगदान है.

वित्तीय समावेशन और चुनौतियां

भारत में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र का औपचारिक ऋण लगभग 22 लाख करोड़ रुपए का है और 10 वर्षों में इसमें कम्पाउंडेड वार्षिक वृद्धि दर (सीजीएआर) से लगभग 13% की वृद्धि हुई है. तथापि इस क्षेत्र में अब भी लगभग 45 लाख करोड़ रुपए ऋण की आवश्यकता बनी हुई है, जिसे अनौपचारिक क्षेत्र से पूरा किया जाता है. एम.एस.एम.ई. इकाइयों द्वारा अनौपचारिक क्षेत्र से ऋण लेने हेतु विवश होने का एक मुख्य कारण उचित दस्तावेजों की कमी है. बैंकों को वैध दस्तावेज उपलब्ध न करवा पाने के कारण एम.एस.एम.ई. इकाइयों को समय पर ऋण उपलब्ध नहीं हो पाता है. अनौपचारिक क्षेत्र से ऋण लेने का एक कारण यह भी है कि एम.एस.एम.ई. इकाइयों को अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप त्वरित गति से ऋण उपलब्ध हो जाता है और ऋण स्वीकृति तुरंत हो जाती है. एम.एस.एम.ई. इकाइयों के समक्ष एक और चुनौती है संपार्श्विक (कलैटरल) की अनुपलब्धता भी है, जिसके कारण औपचारिक रूप से ऋण लेने में एम.एस.एम.ई. इकाइयों को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है.

कोविड-19 की चुनौतियां और एम.एस.एम.ई. क्षेत्र : कोविड-19 महामारी की शुरुआत ने वसूली में देरी और आर्थिक मांग में कमी के कारण एम.एस.एम.ई. कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव डाला. चूँकि ये इकाइयाँ किसी भी कारोबारिक अत्यावश्यकताओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं, इसलिए कोविड-19 जैसी अभूतपूर्व घटना ने भी इस क्षेत्र पर भारी असर डाला है. यही कारण है कि अनौपचारिक क्षेत्र से फाइनेन्स प्राप्त एम.एस.एम.ई. इकाइयाँ अधिक प्रभावित हुईं.

भारत सरकार ने एम.एस.एम.ई. इकाइयों और अन्य कारोबार में नकदी

प्रवाह असंतुलन की स्थिति से राहत प्रदान करने के लिए जीईसीएल सुविधा के रूप में चलनिधि सहायता प्रदान करते हुए कारोबार की सहायता के लिए आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम शुरू किया है तथा भारतीय रिजर्व बैंक ने इन इकाइयों से आउटफ्लो को आसान बनाने के लिए ऋण किस्तों की चुकौती हेतु ऋणस्थगन (मॉरटोरीअम) सुविधा भी प्रदान की है.

सरकार, बैंकों और नियामक निकाय के संयुक्त प्रयासों ने एम.एस.एम.ई. को कोविड महामारी के प्रतिकूल प्रभावों का सामना करने और महामारी के बाद आर्थिक गतिविधियों की वृद्धि में भाग लेने में सहायता प्रदान की है.

एम.एस.एम.ई. क्षेत्र के विकास हेतु बैंक की पहल: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कोविड-19 महामारी जैसे प्रतिकूल समय में भी कारोबारिक मांग को पूरा करने के लिए समय पर ऋण सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करते हुए एम.एस.एम.ई. को समर्थन देने के लिए कई पहल की हैं. एम.एस.एम.ई. की सहायता हेतु बैंक द्वारा किए गए कुछ प्रयास एवं पहल निम्नलिखित हैं :-

• बैंक ने एम.एस.एम.ई. उधारकर्ताओं की विभिन्न आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न एम.एस.एम.ई. उत्पाद लॉन्च किए हैं. ये ऋण रियायती शर्तों पर प्रदान किये जाते हैं. महिला/ एससी/ एसटी उधारकर्ताओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं तैयार की गई हैं.

• बैंक ने यूनियन जीएसटी गेन नाम से नकदी प्रवाह उत्पाद शुरू किया है, जिसके अंतर्गत एम.एस.एम.ई. इकाइयों को परंपरागत तुलन पत्र आधारित फाइनेन्स के स्थान पर जीएसटी रिटर्न के आधार पर 5.00 करोड़ रुपए तक का फाइनेन्स किया जा सकता है.

• कलैटरल रहित ऋण के संदर्भ में, बैंक ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों को लगभग 20,000 करोड़ रुपए का फाइनेन्स प्रदान किया है तथा कलैटरल प्रदान करने में असमर्थ एम.एस.ई. को वित्तीय सहायता देने के लिए सी.जी.टी.एम.एस.ई./सीजीएफएमयू जैसी क्रेडिट गारंटी योजनाओं का उपयोग किया है.

• इस संवर्ग को ऋण के तेजी से ऋण उपलब्ध कराने के लिए 135 केंद्रों पर एम.एस.एम.ई. ऋण प्वाइंट स्थापित किए गए हैं. इसके साथ ही बैंक द्वारा विशेष रूप से इस खण्ड को त्वरित ऋण प्रदान करने हेतु 105 यूनियन एम.एस.एम.ई. फर्स्ट शाखाएं (यूएमएफबी) शुरू की गई हैं.

• बैंक ने इन स्थानों पर एम.एस.एम.ई. के वित्तपोषण के लिए 22 से अधिक क्लस्टर की पहचान की है, जहां कम/ शून्य संपार्श्विक आवश्यकताओं के साथ रियायती शर्तों पर ऋण स्वीकृत किए जाते हैं.

• अनौपचारिक क्षेत्र को बैंक वित्त के अंतर्गत लाने के लिए बैंक द्वारा पीएमएमवाई, पीएमईजीपी, स्टैंड अप इंडिया और पीएम-स्वनिधि जैसी सरकार प्रायोजित योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जाती हैं.

• बैंक ने डिजिटल चैनल के माध्यम से एम.एस.एम.ई. ग्राहकों को परेशानी-मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए शिशु मुद्रा एसटीपी, किशोर और तरुण एसटीपी, नारी शक्ति एसटीपी और जीएसटी गेन एसटीपी के तहत डिजिटल जर्नी (https://msme.unionbankofindia.co.in/#/mudra-main) भी शुरू की हैं. इन चैनलों के माध्यम से बैंक ने एम.एस.एम.ई. खण्ड को लगभग 660 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है.

• यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंकिंग जगत का पहला बैंक है जिसने डिजिटल पहुंच बढ़ाने के लिए एम.एस.एम.ई. क्रेडिट कार्ड जारी किया है और अब तक 20,000 से अधिक कार्ड जारी किए गए हैं.

निष्कर्ष: सरकार और अन्य हितधारकों के निरंतर समर्थन के बावजूद, एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की भारी ऋण मांग को ऋण के अनौपचारिक स्रोतों से पूरा किया जाता है. इसका मुख्य कारण यह है कि ये इकाइयां वित्तीय क्षेत्र द्वारा वित्तपोषण के लिए आवश्यक पारंपरिक वित्तीय विवरणों को बरकरार नहीं रख पा रही हैं. इसी मुद्दे को निम्नलिखित तरीके से संबोधित किया जा सकता है:

• उधारकर्ताओं की जानकारी एकत्र करने के लिए अकाउंट एग्रीगेटर्स, आधार, डिजी लॉकर, ओएनडीसी आदि जैसे डिजिटल सेवा प्रदाताओं का उपयोग करना.

• पारंपरिक तुलन पत्र आधारित फाइनेन्स के स्थान पर नकदी प्रवाह और अन्य डिजिटल डेटा के आधार पर हामीदारी अंकन (अंडरराइटिंग) करना.

• एम.एस.एम.ई. को ऋण के औपचारिक स्रोत के अंतर्गत लाने के लिए नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाना.

एम.एस.एम.ई. इकाइयों के विकास में बैंक अहम भूमिका निभा सकते हैं. एम.एस.एम.ई. इकाइयों को समय पर ऋण उपलब्ध करवा कर एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को मजबूत करते हुए राष्ट्र के सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है.

♦♦♦

एम.एस.एम.ई.
भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी

एम.एस.एम.ई. ने हमेशा से ही भारतीय अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. वर्तमान में देश में सक्रिय लगभग 6.3 करोड़ एम.एस.एम.ई. न सिर्फ देश की जीडीपी में एक बड़ा योगदान देते हैं बल्कि ये एक बड़ी आबादी के लिए रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराते हैं. गौरतलब है कि यह क्षेत्र लगभग 110 मिलियन रोज़गार उपलब्ध कराने के साथ श्रमिक बाज़ार की स्थिरता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. ऐसे में सरकार द्वारा वर्तमान में आत्मनिर्भर भारत अभियान पर विशेष ज़ोर दिए जाने के साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था तथा आर्थिक रणनीति की दृष्टि से एम.एस.एम.ई. की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है.

एम.एस.एम.ई. क्षेत्र के महत्व को देखते हुए वर्ष 2019 में भारत सरकार द्वारा अनुमान लगाया गया कि अगले पाँच वर्षों में यह क्षेत्र भारत की आधी जीडीपी और लगभग 50 मिलियन नए रोजगारों के सृजन के लिए उत्तरदायी होगा.

एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की प्रमुख चुनौतियाँ:

गौरतलब है कि जर्मनी और चीन की जीडीपी में एम.एस.एम.ई. की भागीदारी क्रमशः 55% और 60% है जो इस बात का संकेत है कि भारत को इस क्षेत्र में अभी एक लंबी यात्रा तय करनी है एम.एस.एम.ई. की प्रगति के मार्ग की प्रमुख बाधाओं में से कुछ निम्नलिखित हैं:

वित्तीय चुनौतियाँ: भारत में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में ऋण आपूर्ति की कमी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है.

इस क्षेत्र में उपलब्ध औपचारिक ऋण 16 ट्रिलियन रुपए ही है, जिसके कारण इस क्षेत्र में कुल व्यावहारिक ऋण की ज़रूरत 36 ट्रिलियन रुपए के सापेक्ष अब भी लगभग 20 ट्रिलियन रुपए का अंतर बना हुआ है.

इसके साथ ही बैंकिंग पहुँच की कमी के कारण भारत में एम.एस.एम.ई. को अधिकांशतः 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों'(एनबीएफसी) या सूक्ष्म वित्तीय संस्थानों (एमएफआई) पर निर्भर रहना पड़ता है.

सितंबर 2018 से एनबीएफसी क्षेत्र में तरलता की कमी ने एम.एस.एम.ई. की वित्तीय चुनौती को और अधिक बढ़ा दिया है.

औपचारिकता की कमी: इस क्षेत्र में क्रेडिट गैप का एक प्रमुख कारण एम.एस.एम.ई. के बीच औपचारिकता की कमी रही है. देश में सक्रिय कुल एम.एस.एम.ई. में से लगभग 86% का पंजीकरण नहीं किया गया है. वर्तमान में भी देश के कुल 6.3 करोड़ एम.एस.एम.ई. में से केवल 1.1 करोड़ ही 'वस्तु और सेवा कर' (जीएसटी) व्यवस्था के साथ पंजीकृत हैं. इसके साथ ही इन 1.1 करोड़ एम.एस.एम.ई. में से आयकर दाखिल करने वालों की संख्या और भी कम है. ऐसे में सीमित उपलब्धता और डेटा पारदर्शिता के अभाव में भारतीय एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की ऋण ज़रूरतों को पूरा नहीं किया जा सका है.

तकनीकी बाधाएँ: भारत का एम.एस.एम.ई. क्षेत्र बड़े पैमाने पर पुरानी और अप्रचलित प्रौद्योगिकी पर आधारित है, जो इसकी उत्पादन क्षमता को बाधित करता है. कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा एनालिटिक्स, रोबोटिक्स और अन्य संबंधित प्रौद्योगिकियों (जिसे सामूहिक रूप से औद्योगिक क्रांति 4.0 के रूप में जाना जाता है) का उद्भव संगठित क्षेत्र के उद्यमों की तुलना में एम.एस.एम.ई. के लिए ज़्यादा बड़ी चुनौती प्रस्तुत करता है.

नियामकीय बाधाएँ: एम.एस.एम.ई. के संचालन के लिए बहुत-सी सरकारी अनुमतियों और सेवाओं की आवश्यकता होती है. नियामकीय जटिलताओं के कारण वर्तमान में भी निर्माण परमिट प्राप्त करना, अनुबंधों को लागू करना, करों का भुगतान, व्यापार शुरू करना और सीमाओं के पार व्यापार करना आदि एम.एस.एम.ई. की प्रगति में एक बड़ी चुनौती बनी हुई है. विनियामक जोखिम और नीतिगत अनिश्चितता ने पूर्व में भी निवेशकों के आत्मविश्वास को प्रभावित किया है.

उत्पादन की चुनौतियाँ: वर्तमान में देश में सक्रिय एम.एस.एम.ई. में अधिकांश फर्म सूक्ष्म उद्यम श्रेणी की हैं. देश का एम.एस.एम.ई. क्षेत्र मुख्य रूप से छोटी और स्थानीय दुकानों की भरमार से बना एक सूक्ष्म उद्यम क्षेत्र है, ऐसे में उनके व्यापार या उत्पादन को बढ़ाना एक बड़ी चुनौती है. इन समस्याओं के कारण भारत के विनिर्माण क्षेत्र में बड़ी कंपनियों की तुलना में छोटी कंपनियों का उत्पादन बहुत ही कम रहा है.

आगे की राह:

बॉण्ड मार्केट का विकास करना: हाल के वर्षों में भारतीय बॉण्ड बाज़ार में हुई प्रगति के बीच एसएमई बॉण्ड को बढ़ावा देने से एम.एस.एम.ई. की ऋण पूंजी बाज़ारों की भागीदारी को बढ़ावा मिल सकता है. एक तरफ जहाँ एसएमई बॉण्ड को प्रोत्साहित करने से एम.एस.एम.ई. को अन्य वित्तीय बिचौलियों की तुलना में कम ब्याज दर का लाभ मिल सकेगा, वहीं ये बॉण्ड बाज़ार में काम करने वाले जागरूक और शिक्षित निवेशकों के लिए एक व्यवहार्य उच्च रिटर्न के साधन के रूप में कार्य करेंगे.

स्वतंत्र नियामकीय व्यवस्था: डेटा अर्थव्यवस्था के बढ़ते महत्व को देखते हुए यह बहुत ही आवश्यक हो गया है कि सरकार द्वारा एक स्वतंत्र निकाय की स्थापना की जाए जो एम.एस.एम.ई. को परामर्श देने

के साथ उन्हें इस नई डिजिटल व्यवस्था में आगे बढ़ने में सक्षम बना सके.

श्रम कानूनों में सुधार: वर्तमान में देश में लागू श्रम कानून एम.एस.एम.ई. के विकास के लिए बहुत अनुकूल नहीं हैं. श्रम कानूनों में बदलाव किया जाना बहुत ही आवश्यक है, परंतु इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए इन कानूनों को एम.एस.एम.ई. के लिए विकासोन्मुख ढाँचा प्रदान करने और श्रमिकों के अधिकारों के संदर्भ में पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के बीच सही संतुलन स्थापित करना होगा.

विनियमन में सुधार: हाल के वर्षों में सरकार द्वारा व्यापार सुगमता पर विशेष ज़ोर दिया गया है परंतु इसी दौरान छोटे व्यवसायों के लिए रिपोर्टिंग, अनुमोदन और अनुपालन आवश्यकता आदि जटिलताएँ बनी हुई हैं. यदि हम सही मायने में चाहते हैं कि एम.एस.एम.ई. का देश के आर्थिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण हस्तक्षेप हो, तो इसके लिए एम.एस.एम.ई. को आनुकूल नियामकीय ढाँचा प्रदान किया जाना बहुत ही आवश्यक है.

निष्कर्ष: एम.एस.एम.ई. एक लचीली राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए रीढ़ हड्डी का कार्य करते हैं. देश के मज़बूत आर्थिक भविष्य के लिए एम.एस.एम.ई. के विकास को प्राथमिकता देना बहुत ही महत्वपूर्ण है. सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों में इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं. भारत को ऐसे ही और उपायों को अपनाने की आवश्यकता है. अगला दशक भारत को एक उभरती हुई शक्ति से आगे बढ़ते हुए एक स्थापित आर्थिक महाशक्ति के रूप में बदलने का दशक होगा और इस यात्रा में एम.एस.एम.ई. की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी.

अमित सिंह चौहान
क्षे.का., चेन्नै ब्रॉडवे

पुरस्कार

दिनांक 26.09.2023 को मुंबई में आशीर्वाद संस्था द्वारा श्री लाल सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं) को राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

वर्ष 2022-23 के दौरान उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में पासबान-ए-अदब संस्था द्वारा बैंक को 'दुष्यंत सम्मान' प्रदान किया गया. दिनांक 17.09.2023 को श्री खैसर खालिद, विशेष पुलिस महानिरीक्षक, महाराष्ट्र शासन, श्री अनूप जलोटा, विख्यात ग़ज़ल गायक एवं श्री आलोक त्यागी से बैंक की ओर से पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री अम्बरीष कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक (मा.सं), श्री रामजीत सिंह, सहायक महाप्रबंधक (रा.भा.) और श्री विवेकानंद, मुख्य प्रबंधक (रा.भा.).

दिनांक 26.09.2023 को मुंबई में आशीर्वाद संस्था द्वारा वर्ष 2022-23 हेतु बैंक को उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु पुरस्कार प्रदान किया गया. साथ ही 'यूनियन सृजन' को श्रेष्ठ गृह पत्रिका पुरस्कार प्राप्त हुआ. बैंक की ओर से श्री लाल सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं) ने पुरस्कार प्राप्त किया. साथ है श्री अम्बरीष कुमार सिंह, उमप्र, श्री रामजीत सिंह, समप्र (रा.भा.), डॉ. सुलभा कोरे, तत्कालीन संपादक तथा श्रीमती गायत्री रवि किरण, संपादक.

दिनांक 22.09.2023 को नई दिल्ली में पीआरसीआई संस्था द्वारा वर्ष 2022-23 हेतु क्षेत्रीय गृह पत्रिका श्रेणी में 'यूनियन सृजन' को स्वर्ण पुरस्कार और अंग्रेजी गृह पत्रिका श्रेणी में 'यूनियन धारा' को कांस्य पुरस्कार प्रदान किया गया. बैंक की ओर से श्री कबीर भट्टाचार्य, अंचल प्रमुख, दिल्ली और गृह पत्रिकाओं की संपादक श्रीमती गायत्री रवि किरण ने पुरस्कार प्राप्त किया.

एम.एस.एम.ई. : चुनौतियां और समाधान

सूक्ष्म, लघु और मध्यम प्रतिष्ठान अपने कारोबार को बढ़ाने या नया उद्यम शुरू करने के लिए एम.एस.एम.ई. ऋण का लाभ उठा सकते हैं. एम.एस.एम.ई. की स्थापना के वित्तपोषण के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत सूक्ष्म इकाई विकास और पुनर्वित्त एजेंसी- मुद्रा की स्थापना की गई थी. इसकी कल्पना समाज के वंचित वर्गों के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है. इसके अलावा मुद्रा बैंक भी सरकार के स्किल इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है और रोजगार के अवसर पैदा करने पर जोर देता हैं. तथापि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र के समक्ष कई चुनौतिया विद्यमान हैं, जो उनकी विकास संभावनाओं को प्रभावित करती हैं :

वित्तीय और नियामक समस्याएं- वित्त की उपलब्धता एम.एस.एम.ई. के लिए एक महत्वपूर्ण बाधा है, उन्हें अपने स्वयं के संसाधनों पर भरोसा करने के लिए मजबूर करता है जो उनकी वृद्धि की संभावनाओं को रोकता है. औपचारिक बैंकों से सस्ते वित्त की उपलब्धता होने के बावजूद जानकारी के अभाव में ऋण समय पर नहीं ले पाते तथा इसके साथ ही एम.एस.एम.ई. को कर अनुपालन और श्रम कानून में परिवर्तन के साथ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, इस क्षेत्र को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने का प्रयास करने के बावजूद, विनियमों और कर पंजीकरण का अनुपालन कठिन रहता है, जिससे कम पूंजी के कारण व्यवसाय बंद हो जाता है.

नवाचार की कमी- भारतीय एम.एस.एम.ई. में नवाचार की कमी है और उनके द्वारा उत्पादित अधिकांश उत्पाद पुरानी प्रौद्योगिकियों पर आधारित हैं. इस क्षेत्र में उद्यमियों की भारी कमी है, इस कारण को नई प्रौद्योगिकियों और साधनों को अपनाने में बाधा उत्पन्न होती है. परिणामस्वरूप एम.एस.एम.ई. को पुरानी पड़ चुकी प्रौद्योगिकी के साथ-साथ विशेष रूप से बड़ी फर्मों की तुलना में उत्पादकता के निम्न स्तर के साथ संघर्ष करना पड़ रहा है.

छोटी फर्मों का बहुमत- एम.एस.एम.ई. में सूक्ष्म और लघु व्यवसायों की हिस्सेदारी 80% से अधिक है. इस प्रकार जागरूकता की कमी के कारण वे सरकार के आपातकालीन 'लाइन ऑफ क्रेडिट', 'स्ट्रेस्ड एसेट रिलीफ', 'इक्विटी भागीदारी' और 'फंड ऑफ फंड ऑपरेशन' का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं.

कम उत्पादकता : एम.एस.एम.ई. में उत्पादकता की कमी है लागत दक्षता के माध्यम से और कम कीमतों पर माल की उपलब्धता की कमी है. उनके छोटे-छोटे उत्पादन और कम मार्जिन उन्हें बड़ी फर्मों की तुलना में नुकसान पहुंचाते हैं. भारतीय एम.एस.एम.ई. अक्सर पुरानी प्रौद्योगिकियों पर निर्भर करते हैं जो नए उपकरणों और प्रौद्योगिकियों को स्वीकार करते हैं, जो उनकी उत्पादकता को प्रभावित करता है.

तकनीकी परिवर्तन- एम.एस.एम.ई. को समय के साथ महत्वपूर्ण तकनीकी परिवर्तनों का सामना करना पड़ा है, जिससे उनकी वृद्धि की क्षमता प्रभावित होती है. भूमि मालिकाना अधिकारों में परिवर्तन के कारण गलत प्रबंधन और उत्पादकता में कमी आई है.

प्रतिस्पर्धा और कौशल- एम.एस.एम.ई. को बड़ी कंपनियों से अत्याधिक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है, जो ई-कॉमर्स और वैश्वीकरण के कारण और अधिक बढ़ जाता है. जबकि प्रतिस्पर्धा नई नहीं है, एम.एस.एम.ई. कृषि, वस्त्र और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में दबाव को रोकने के लिए संघर्ष करते हैं. एम.एस.एम.ई. अन्य देशों में अपने समकक्षों की तुलना में कौशल के संदर्भ में पीछे हैं. सीमित तकनीकी कौशल वाले अनौपचारिक साधनों पर निर्भरता उत्पादकता को रोकती है और छोटी फर्मों को कम कुशल कारीगरों के कारण दीर्घकालिक विकास से रोकती है.

श्रम संबंधी चुनौतियाँ- एक सफल विनिर्माण उद्यम कुशल श्रम पर निर्भर करता है. एम.एस.एम.ई. में कुशल कर्मियों और श्रम कानूनों के अनुपालन के संबंध में कई विसंगतियां मौजूद हैं. किफायती कुशल श्रम की कमी ने एम.एस.एम.ई. की समस्याओं को और बढ़ा दिया है.

एम.एस.एम.ई. चुनौतियों का समाधान

सरकार द्वारा एम.एस.एम.ई. की उपरोक्त चुनौतियों का समाधान निम्न उपाय किए गए हैं:

समाधान पोर्टल से विलंबित भुगतान का निपटान : एम.एस.एम.ई. समाधान पोर्टल का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/सीपीएसई/राज्य सरकारों द्वारा भुगतान में देरी से संबंधित अपने मामलों को सीधे पंजीकृत करने के लिए देश भर के सूक्ष्म और लघु उद्यमों को सशक्त बनाना है. एम.एस.एम.ई. समाधान पोर्टल एम.एस.एम.ई. को सूक्ष्म और लघु उद्यम सुविधा परिषद (एमएसईएफसी) के समक्ष सामान/सेवाओं के खरीददार के खिलाफ विलंबित भुगतान के मामले सीधे दर्ज करने में सक्षम बनाता है.

संकटग्रस्त परिसंपत्ति फंड - एम.एस.एम.ई. के लिए उप-ऋण- उप-ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीएसएसडी) 26 जून, 2020 को संकटग्रस्त एम.एस.एम.ई. को पूंजीगत समर्थन

देने के लिए उपऋण के रूप में 20 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.

एम.एस.एम.ई. के लिए फंड ऑफ फंड योजना- एम.एस.एम.ई. के लिए 50 हजार करोड़ रुपए की इक्विटी सहायता देने के लिए 10 हजार करोड़ रुपए की राशि से आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) फंड (एम.एस.एम.ई. योजना के लिए फंड ऑफ फंड योजना) के दिशा निर्देश जारी किए गए.

चैंपियन पोर्टल- चैंपियन पोर्टल छोटी इकाईयों को सहायता प्रदान कर उन्हें बड़ा बनाने के लिए आईसीटी आधारित एक प्रौद्योगिकी प्रणाली है. 54 बैंक/वित्तीय संस्थान/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक/राज्य वित्तीय कार्पोरेशन और निजी क्षेत्र से संबधित 19 बैंक ऋण संबंधी पूछताछ के त्वरित समाधान के लिए पोर्टल में शामिल हैं.

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम - इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में पारंपरिक कारीगरों और बेरोजगार युवाओं की मदद करके गैर-कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से स्व-रोजगार के अवसर पैदा करना है.

क्लस्टर विकास योजना- परंपरागत उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए निधि (स्फूर्ति) योजना के अंतर्गत वर्ष 2015 से 2020 तक 736.67 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता द्वारा 317 क्लस्टरों को मंजूरी दी गई.

प्रौद्योगिकी केंद्र प्रणाली कार्यक्रम (टीसीएसपी)- वर्तमान में प्रौद्योगिकी केंद्र(टीसी) के सफलतापूर्वक संचालन और प्रौद्योगिकी केंद्र (टूल रूम और प्रौद्योगिकी विकास केंद्र) के नेटवर्क का विस्तार और उन्नयन के उद्देश्य से एम.एस.एम.ई. मंत्रालय ने 2200 करोड़ रुपए की लागत से प्रौद्योगिकी केंद्र प्रणाली कार्यक्रम (टीसीएसपी) की शुरुआत की है. इसके अंतर्गत देश भर में 15 नए प्रौद्योगिकी केंद्र (टीसी) की स्थापना और वर्तमान के टीसी का उन्नयन किया जाएगा.

खरीद और विपणन प्रोत्साहन- ई-मार्केट संपर्क बढ़ाने के लिए वर्चुअल व्यापार मेलों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है. एम.एस.एम.ई. मंत्रालय बाजार तक अधिक पहुंच बढ़ाने के लिए आईटीपीओ के साथ विचार-विमर्श कर एम.एस.एम.ई.-विकास संस्थान के परिसर में स्थायी प्रदर्शनी केंद्र स्थापित करने की योजना बना रहा है.

कॉयर विकास योजना- एम.एस.एम.ई. ने परंपरागत उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए निधि (स्फूर्ति) के अंतर्गत अब तक 41 कॉयर क्लस्टर को अंतिम मंजूरी दी है. 41 अनुमति प्राप्त कॉयर क्लस्टर में 2 हेरिटेज, 19 बड़े, 11 लघु और 9 नियमित क्लस्टर सम्मिलित हैं.

इनक्यूबेटर द्वारा एम.एस.एम.ई. के उद्यम और प्रबंधकीय विकास को प्रोत्साहन : दो सौ से अधिक तकनीकी संस्थानों, उद्योग संघों और सामाजिक उद्यमों को इनक्यूबेशन केंद्र के लिए सैद्धांतिक अनुमति दी गई है. योजना के अंतर्गत वित्तीय प्रोत्साहन देने के लिए व्यापार प्रस्ताव वाले अभिनव विचार आमंत्रित किए जाते हैं.

सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी धन निधि (सी.जी.टी.एम.एस.ई.) : सी.जी.टी.एम.एस.ई. के तहत, ट्रस्ट द्वारा 500 लाख रुपए की सीमा तक क्रेडिट सुविधाओं के लिए गारंटी कवर प्रदान किया जाता है, जो सभी नए और मौजूदा सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएफजी और साथ ही दोनों) को, बिना किसी संपार्श्विक सुरक्षा और/या तीसरे पक्ष की गारंटी के, स्वीकृत किए गए हैं.

नवीन शुरुआत : स्कोर कार्ड मॉडल पर पीएमईजीपी के अंतर्गत इकाई की स्थापना करने और चयन की गति बढ़ाने के लिए आवेदन के चयन में जिला स्तरीय कार्यदल समिति (डीएलटीएफसी) की भूमिका को समाप्त कर योजना की प्रक्रिया सरल बनाया गया है.

सभी राज्यों में पीएमईजीपी लाभकर्ताओं को सहायता और परामर्श देने के लिए विपणन और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों का प्रावधान किया गया है.

ऑनलाइन उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) प्रशिक्षण पोर्टल की शुरुआत की गई और लाभार्थियों को ऑनलाइन ईडीपी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया.

पीएमईजीपी इकाइयों को उत्पादों के विविधीकरण की अनुमति दी गई. इससे बाजार की आवश्यकताओं इकाई की आर्थिक व्यावहारिकता में बढ़ोतरी होगी.

जियो-टैगिंग पोर्टल www.geotag.kvic.gov.in को तैयार किया गया और इसका संचालन किया जा रहा है. पीएमईजीपी के अंतर्गत स्थापित सूक्ष्म उद्यमों की जियो-मैपिंग की जाएगी जिससे उनके स्थान और इकाई की निगरानी आसानी से की जा सकेगी.

अर्थव्यवस्था, निर्यात और रोज़गार सृजन में उल्लेखनीय योगदान के कारण सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई.) को भारतीय अर्थव्यवस्था का स्तंभ माना जाता है. पिछले कुछ वर्षों में भारत में एम.एस.एम.ई. की वृद्धि जबरदस्त रही है और इसकी विकास क्षमता बहुत अधिक है. भारतीय उत्पादों के लिए निर्यात को बढ़ावा देना, फंडिंग- फ़ाइनेंस और सब्सिडी, घरेलू बाजार में मांग में वृद्धि, कच्चे माल और मशीनरी की खरीद, कम पूंजी की जरूरत आदि कारकों के कारण एम.एस.एम.ई. उद्योग में अपार सम्भावनाएं हैं.

प्रवीण कुमार
यू.एल.ए., गुरुग्राम

शिखर की ओर...

उच्च कार्यपालक वेतनमान VI में पदोन्नति पर हार्दिक बधाई

आर. नागराजा
उप महाप्रबंधक

आर. सत्यनारायण
उप महाप्रबंधक

के. अरुणा सविता
उप महाप्रबंधक

डी. अपर्णा रेड्डी
उप महाप्रबंधक

मुनीश कुमार चोपड़ा
उप महाप्रबंधक

के.एन.वी. चिन्ना राव
उप महाप्रबंधक

दीपक जगदीश्वर सक्सेना
उप महाप्रबंधक

अशोक कुमार भोई
उप महाप्रबंधक

हम आपके नेतृत्व में बैंक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं.

शुभमस्तु...

बी. जानकी राम
महाप्रबंधक

आशुतोष कुमार
उप महाप्रबंधक

के. एस. अनंत
उप महाप्रबंधक

आई. रवि कृष्ण
उप महाप्रबंधक

पोलूरि दत्तात्रेय वेंकटेश्वर शर्मा
उप महाप्रबंधक

जी. मुरुगन
उप महाप्रबंधक

संतोष कुमार शुक्ल
उप महाप्रबंधक

सोवन सेनगुप्त
उप महाप्रबंधक

हम आपके सुखद एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हैं.

एम.एस.एम.ई. : विकास का प्रमुख कारक

एम.एस.एम.ई. सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के व्यवसाय हैं जो सेवा उद्योग या वस्तुओं के उत्पादन, प्रसंस्करण, विनिर्माण और संरक्षण में काम करते हैं. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (एम.एस.एम.ई.डी) अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार एम.एस.एम.ई. को दो क्षेत्रों में वर्गीकृत किया जा सकता है - विनिर्माण उद्यम और सेवा उद्यम. सरकार ने एम.एस.एम.ई. की परिभाषा में संशोधन की घोषणा की है, जहां निवेश के बजाय टर्नओवर एम.एस.एम.ई. को परिभाषित करेगा, जिसका लक्ष्य एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में पांच करोड़ अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा करना है. एम.एस.एम.ई. का वर्गीकरण इस प्रकार है:

वर्ग	निवेश	टर्नओवर
सूक्ष्म उद्यम	<1 करोड़	<5 करोड़
लघु उद्यम	<10 करोड़	<50 करोड़
मध्यम उद्यम	<50 करोड़	<250 करोड़

भारतीय एम.एस.एम.ई. विभिन्न व्यवसायों में 11.10 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देते हैं. अकेले विनिर्माण क्षेत्र में यह 3.6 करोड़ लोगों को रोजगार देता है और भारत के विनिर्माण उत्पादन में सक्रिय रूप से 45% का योगदान देता है. यह निर्यात में भी एक प्रमुख योगदानकर्ता है, जो भारत के कुल निर्यात का लगभग 40% वहन करता है.

एम.एस.एम.ई. इतना महत्वपूर्ण क्यों हैं?

भारत दुनिया के तीसरे सबसे बड़े, सूक्ष्म और मध्यम आकार के उद्यमों का घर है. केंद्रीय एम.एस.एम.ई. मंत्री श्री नारायण राणे के अनुसार, देश का एम.एस.एम.ई. सेक्टर भारत की जीडीपी का लगभग 30% हिस्सा है. देश भर में फैले यह व्यवसाय भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं. जो विकास, रोज़गार, निर्यात और उत्पादकता को बढ़ाते हैं.

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी और पीआई मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2018-19 और 2019-20 के दौरान अखिल भारतीय विनिर्माण सकल मूल्य उत्पादन में एम.एस.एम.ई. विनिर्माण की हिस्सेदारी क्रमशः 36.9% और 36.9% थी. इसके अलावा, वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय के अनुसार, 2019-20 और 2020-21 के दौरान अखिल भारतीय निर्यात में एम.एस.एम.ई. से संबंधित उत्पादों की हिस्सेदारी क्रमशः 49.8% और 49.5% थी.

भारत में एम.एस.एम.ई.

सूक्ष्म, लघु और मध्यम व्यवसाय (एम.एस.एम.ई.) क्षेत्र पर केंद्र और राज्य स्तर पर नीति निर्माताओं का प्राथमिक फोकस रहा है क्योंकि यह रोजगार, मूल्य श्रृंखला निर्माण, विदेशी मुद्रा आय के मामले में समग्र आर्थिक वृद्धि और विकास में एक मूल्यवान योगदानकर्ता है. बड़े उद्योगों के महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता, क्षेत्रीय संतुलन और समावेशी विकास को बढ़ावा देना, इत्यादि. एम.एस.एम.ई. मंत्रालय में राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान, कॉयर बोर्ड, विकास आयुक्त कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी), और महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिकीकरण संस्थान (एमजीआईआरआई) जैसे विभिन्न संस्थान शामिल हैं.

भारत एम.एस.एम.ई. पर बड़ा दांव क्यों लगा रहा है?

भारत सरकार 2025 तक अपनी अर्थव्यवस्था को दोगुना कर 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रख रही है. इस लक्ष्य को साकार करने के लिए, एम.एस.एम.ई. एक प्रमुख रोजगार जनरेटर के रूप में सामने आया है और इसलिए भारत की उत्साही युवा आबादी के लिए अनगिनत कैरियर के अवसर पैदा किए जा सकते हैं.

सूक्ष्म क्षेत्र में लगभग 630.52 लाख उद्यम हैं, जिससे 1076.19 लाख लोगों को रोजगार मिला है, जो उद्योग में कुल रोजगार का लगभग 97% है. लघु क्षेत्र में 3.31 लाख और मध्यम क्षेत्र में 0.05 लाख अनुमानित एम.एस.एम.ई. ने एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में कुल रोज़गार में से क्रमशः 31.95 लाख (2.88%) और 1.75 लाख (0.16%) लोगों को रोज़गार दिया.

आबादी के एक बड़े हिस्से को रोज़गार प्रदान करने और देश के निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ-साथ एम.एस.एम.ई. मौजूदा बुनियादी ढांचे के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

भारतीय एम.एस.एम.ई. का महत्वपूर्ण प्रभाव

निर्यात लक्ष्य हासिल करना: एम.एस.एम.ई. की मदद से, इंडिया इंक वित्त वर्ष 2023 तक 400 अरब डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचना चाहता है और 2027 तक निर्यात में 1 ट्रिलियन डॉलर के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को साकार करना चाहता है.

परिवर्तन का चालक: 20.73% स्वामित्व वाले एम.एस.एम.ई. का स्वामित्व महिलाओं के पास होने से महिला उद्यमी लगातार मजबूत हो रही हैं. सामाजिक रूप से पिछड़े समूहों के पास लगभग 66.27% एम.एस.एम.ई. का स्वामित्व है.

नवाचार और उद्यमिता: एसएमई अपने नवीन उत्पादों और प्रक्रियाओं के लिए जाने जाते हैं. वे देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम के एक बड़े हिस्से के लिए भी जिम्मेदार हैं.

पिछड़े और अविकसित क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना: बड़ी संख्या में एसएमई ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में स्थित हैं जो आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देते हैं और इन क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करते हैं.

लागत कम करना और प्रतिस्पर्धा बढ़ाना: एम.एस.एम.ई. कई बड़ी कंपनियों के लिए आपूर्ति श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और वस्तुओं और सेवाओं की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय एम.एस.एम.ई. के लिए वित्त प्रदान करके और निर्यात में अपनी हिस्सेदारी के साथ-साथ सकल घरेलू उत्पाद में योगदान बढ़ाकर एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को और विकसित करने की योजना बना रहा है. एम.एस.एम.ई. के साथ उद्यमिता में हिस्सा लेने के लिए पूंजी जुटाना इसमें एक गति अवरोधक के रूप में कार्य करता है, इसलिए एम.एस.एम.ई. मंत्रालय नियमित अंतराल पर विभिन्न वित्तपोषण योजनाएं लेकर आता है, जबकि बैंक विशेष रूप से एम.एस.एम.ई. के लिए डिज़ाइन की गई आकर्षक ऋण पेशकश भी करता है.

पिछले 50 वर्षों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार का उद्यम (एम.एस.एम.ई.) क्षेत्र भारत के सबसे जीवंत और सबसे गतिशील आर्थिक क्षेत्रों में से एक बन गया है. चूँकि यह उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है और रोजगार के कई अवसर उत्पन्न करता है, यह राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण रूप से मदद करता है. यह महत्वपूर्ण है कि सरकार ऋण तक आसान पहुंच और दिवालियापन से सुरक्षा जैसे नीतिगत उपायों के माध्यम से एम.एस.एम.ई. का समर्थन करना जारी रखे. इससे यह क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा.

सीमा प्रियदर्शिनी
क्षे.का., भुवनेश्वर

एम.एस.एम.ई. : नवीनतम रुझान एवं भविष्य

पिछले दो वर्षों में, महामारी ने चुनौतियों का भंडार तैयार किया है और विकसित होने, आगे बढ़ने और मजबूत होकर उभरने के अवसर प्रदान किए हैं. एम.एस.एम.ई. ने पुरानी परंपराओं को तोड़ा, नए रुझानों का स्वागत किया और नवीनतम तकनीकों को अपनाया. उन्होंने डिजिटलीकरण और ब्रांडिंग की क्षमता को समझना शुरू कर दिया है, जिससे नए रास्ते बन रहे हैं.

निरंतर डिजिटल अपनाना : डिजिटलीकरण एक मौजूदा व्यवसाय मॉडल को संशोधित करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने का संक्रमण है और यह राजस्व और मूल्य-उत्पादन के अवसर उत्पन्न करने के लिए नई संभावनाएं प्रदान कर सकता है. कोविड-19 महामारी ने एम.एस.एम.ई. पारिस्थितिकी तंत्र में पारंपरिक दृष्टिकोण से डिजिटल माध्यम की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव की सुविधा प्रदान की. क्रिसिल की रिपोर्ट है कि भारत में 53% एसएमई और 47% सूक्ष्म-उद्यमों ने डिजिटल बिक्री प्लेटफॉर्म को अपनाया, जबकि पूर्व-कोविड आंकड़ा 29% था.

एम.एस.एम.ई. ग्लोबल मार्ट जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म भी डिजिटल परिवर्तन का एक हिस्सा है, जहां छोटे व्यवसाय ई-कॉमर्स का उपयोग करके दुनिया में कहीं भी अपने उत्पाद बेच सकते हैं. ये प्लेटफ़ॉर्म कम लागत, कम निवेश और उच्च स्तर के नवाचार पर एम.एस.एम.ई. की वृद्धि और विकास को संचालित करते हैं, जो स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को समृद्ध करने में मदद करते हुए कई कंपनियों को अपने ब्रांड और संचालन को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं.

हालाँकि, कई एम.एस.एम.ई. का विपणन कम है और वे प्रौद्योगिकी का इष्टतम उपयोग नहीं करते हैं, इसलिए विपणन शिक्षा और प्रौद्योगिकी शिक्षा एम.एस.एम.ई. के लिए बहुत उपयोगी हो सकती है. अत: बदलते समय के साथ प्रतिस्पर्धी बने रहने और व्यापक ग्राहक आधार तक पहुंचने के लिए एम.एस.एम.ई. डिजिटल अपनाने में तेजी ला रहे हैं.

एम.एस.एम.ई. का अधिक औपचारिकीकरण : औपचारिकीकरण - या व्यवसायों का कानूनी पंजीकरण - गैर-मान्यता प्राप्त या अवर्गीकृत एम.एस.एम.ई. व्यवसायों को एक मान्यता प्राप्त इकाई बनने में मदद कर सकता है और इसलिए सरकारी योजनाओं, व्यावसायिक क्रेडिट और कर लाभ जैसे संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकता है. इस पहल ने कई एम.एस.एम.ई.

मालिकों को अपने सपनों के व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायता की. हालाँकि, द इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 99.7% एम. एस.एम.ई. अब भी अनौपचारिक रूप से काम करते हैं और उन्हें मिलने वाले लाभों से अनजान हैं. इसलिए, एम.एस.एम.ई. मंत्रालय और भारत सरकार ने भारत के इस वंचित क्षेत्र की सहायता के लिए एम.एस.एम.ई. को औपचारिक बनाने की पहल की.

2023 में अधिक एम.एस.एम.ई. व्यवसायों के औपचारिक होने की उम्मीद है. नए या मौजूदा अनौपचारिक इकाइयाँ एम.एस.एम.ई. मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित सभी लाभ और विभिन्न योजनाओं को प्राप्त करने के लिए 'उद्यम पंजीकरण' के लिए पंजीकरण कर सकते हैं. फिक्की के 95वें वार्षिक सम्मेलन और एजीएम को संबोधित करते हुए एम.एस. एम.ई. मंत्रालय के सचिव श्री बीबी स्वैन ने कहा कि किफायती ऋण को आकर्षित करने के लिए भारतीय एम.एस.एम.ई. क्षेत्र अगले 25 वर्षों में और अधिक औपचारिक हो जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि 'उद्यम' या 'एम.एस.एम.ई. पंजीकरण' पोर्टल, जिसने 3 जनवरी 2023 तक पंजीकृत 1.31 करोड़ एम.एस.एम.ई. को पार कर लिया है, को प्रतिदिन लगभग 20,000 नए पंजीकरण मिलते हैं.

भारत से निर्यात की संख्या बढ़ाना : भारत के व्यापार और बाहरी क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि और प्रति व्यक्ति आय में विस्तार पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है. भारत दूध, दालों और जूट के क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है और चावल, गेहूं, फल और कपास, मूंगफली, चीनी और सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है. यह मसालों, मछली, मुर्गीपालन, पशुधन और वृक्षारोपण फसलों के अग्रणी उत्पादकों में से एक है. इनमें से अधिकांश छोटी उत्पादन इकाइयों में चलाए जाते हैं.

2028 तक भारत का औद्योगिक निर्यात 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान है. चूँकि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, देश के विकास के प्रमुख चालकों में से एक भारत के निर्यात की मात्रा में वृद्धि है, जो 37% बढ़ी है. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-नवंबर 2022 में भारत के समग्र निर्यात (माल और सेवाएँ संयुक्त) ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 17.72% की सकारात्मक वृद्धि प्रदर्शित की.

परंपरागत रूप से, एम.एस.एम.ई. ने भारत के निर्यात में लगभग 50% योगदान दिया है; इसलिए, निर्यात में वृद्धि छोटे व्यवसायों के लिए अपने उत्पादों को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने और वितरित करने के विकास के अवसर का प्रतीक है. निर्यात बढ़ाकर, भारत अधिक नौकरियाँ प्रदान करने और अर्ध-कुशल और अकुशल दोनों प्रकार के श्रमिकों के लिए अवसर पैदा करने के लिए तैयार है.

भारत में उपभोक्ता मांग में वृद्धि : उपभोक्ता मांग क्रय शक्ति पर निर्भर करती है, जो किसी व्यक्ति या परिवार की खरीददारी करने की क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है. यह उपभोक्ता के व्यवहार पर निर्भर करता है कि खरीददारी, रेस्तरां, मनोरंजन पार्क आदि पर खर्च करते समय वे अर्थव्यवस्था में कितना पैसा वापस लगाएंगे. यदि कीमतें घटती हैं, तो उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति अधिक होती है, जबकि जब मुद्रास्फीति होती है, तो वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ जाती हैं. उपभोक्ता मांग 2023 में भारत की विकास गाथा को आगे बढ़ाती रहेगी. फिच सॉल्यूशंस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में उपभोक्ता खर्च 2023 में ठोस वृद्धि का अनुभव करेगा और 2022 की तुलना में 2023 में घरेलू खरीद शक्ति 7.1% बढ़ने की उम्मीद है.

एम.एस.एम.ई. अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में अपने डोमेन का विस्तार कर रहे हैं, घरेलू और वैश्विक बाजारों की उपभोक्ता मांगों को पूरा करने के लिए उत्पादों और सेवाओं की एक विविध श्रृंखला का उत्पादन कर रहे हैं. इसके परिणामस्वरूप, भारत में बहुत सारे नए एम.एस.एम.ई. व्यवसाय फल-फूल रहे हैं. इसलिए, बढ़ी हुई घरेलू खपत एम.एस.एम.ई. के लिए बढ़ने और सभी क्षेत्रों में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए अधिक घरेलू उत्पादों का उत्पादन करने का एक जबरदस्त अवसर है.

निष्कर्ष : एम.एस.एम.ई. भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते और सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है. इसलिए, सरकार एक समग्र और अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की कोशिश कर रही है जो 2023 में एम.एस.एम.ई. को और आगे बढ़ने में सक्षम बना सके. जैसा कि देखा जा सकता है, 2023 हर व्यावसायिक क्षेत्र के लिए एक शानदार वर्ष बन रहा है. छोटे व्यवसाय अपने काम करने के तरीके को बदल रहे हैं और अपने निवेश से अधिकतम लाभ उठाने के लिए अपने दर्शकों के साथ बातचीत कर रहे हैं और साथ ही साथ रुझान भी स्थापित कर रहे हैं.

तकनीकी प्रगति और उच्च उपभोक्ता मांगों को पूरा करने के साथ, एम.एस.एम.ई. अपने व्यवसाय को प्रभावी ढंग से बढ़ा सकते हैं. अत्यधिक प्रतिस्पर्धा, मंदी और मुद्रास्फीति के बावजूद, उभरती प्रौद्योगिकियाँ दुनिया भर के उद्यमियों को भीड़ में खड़े होने में मदद कर रही हैं. एम.एस.एम.ई. उद्यमी उद्योग के बदलते परिदृश्य को अपना सकते हैं और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए अधिक अवसर तलाश सकते हैं.

बिपिन कुमार भगत
क्षे.का., पुणे मेट्रो

सी.जी.टी.एम.एस.ई. :

एम.एस.ई. क्षेत्र की वृद्धि और विकास का इंजन

सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सी.जी.टी.एम.एस.ई.) की स्थापना 2000 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एम.एस.एम.ई.), भारत सरकार और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी. सी.जी.टी.एम.एस.ई. का उद्देश्य सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को गारंटी कवर प्रदान करके सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एम.एस.ई.) को संस्थागत ऋण के प्रवाह को उत्प्रेरित करना है.

सी.जी.टी.एम.एस.ई. की चार मुख्य योजनाएं:

सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड योजना (सीजीएस-I): यह योजना सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एम.एस.ई.) को दिए गए ऋण के लिए एमएलआई को गारंटी कवर प्रदान करती है.

एन.बी.एफ.सी. के लिए क्रेडिट गारंटी फंड योजना (सीजीएस-II): यह योजना गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के माध्यम से एम.एस.ई. को दिए गए ऋण के लिए एमएलआई को गारंटी कवर प्रदान करती है.

अधीनस्थ ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सी.जी.एस.एस.डी.): यह योजना एम.एस.ई. को दिए गए अधीनस्थ ऋण के लिए एमएलआई को गारंटी कवर प्रदान करती है.

पीएम स्वनिधि के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सी.जी.एस.-पी.एम.एस.): यह योजना पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों को दिए गए ऋण के लिए एमएलआई को गारंटी कवर प्रदान करती है.

सी.जी.टी.एम.एस.ई. के प्रमुख उद्देश्य

सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को गारंटी कवर प्रदान करके सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एम.एस.ई.) को संस्थागत ऋण के प्रवाह को सुविधाजनक बनाना.

एम.एस.ई. को ऋण देने के जोखिम को कम करना और एमएलआई को इस क्षेत्र को ऋण देने के लिए प्रोत्साहित करना.

- भारत में एम.एस.ई. क्षेत्र की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना.
- संपार्श्विक से योग्यता-आधारित उधार की ओर बदलाव लाना.
- उद्यमिता प्रोत्साहन के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना.
- रोजगार के अवसर पैदा करना.
- क्रेडिट गारंटी तंत्र में विश्वास पुनर्जीवित करना.

एम.एल.आई. की जिम्मेदारियां

व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य प्रस्तावों के चयन में उचित परिश्रम करना और विवेकपूर्ण बैंकिंग निर्णय के साथ ऋण सुविधाओं का मूल्यांकन करना चाहिए. खाते को आंतरिक रूप से रेटिंग दी जानी चाहिए और वह निवेश ग्रेड का होना चाहिए. एमएलआई द्वारा उधारकर्ता से ली गई प्राथमिक प्रतिभूति की सुरक्षा करनी चाहिए. एम.एल.आई. द्वारा बकाया राशि की वसूली करने और ट्रस्ट के हितों की रक्षा करने में तत्परता बरतता और अकाउंट पर कड़ी निगरानी रखा जाना अपेक्षित है.

गारंटीकृत खाते में वसूली की सुविधा के लिए, या गारंटर के रूप में अपने हितों की सुरक्षा के लिए, समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए.

सी.जी.टी.एम.एस.ई. - विशेषताएं

कोई संपार्श्विक नहीं (हाइब्रिड सुरक्षा के मामले को छोड़कर)

कोई तृतीय पक्ष गारंटी नहीं

आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार आर.ओ.आई (31.10.2018 से प्रभावी)

एसएचजी को छोड़कर एम.एस.ई. क्षेत्र में सभी प्रकार की फर्म/कंपनियां या अन्य कानूनी रूप से गठित निकाय, व्यक्तिगत उधारकर्ता, छोटे व्यवसाय के लिए उधारकर्ता ₹500.00 लाख

शैक्षणिक/प्रशिक्षण संस्थान ने सी.जी.टी.एम.एस.ई. की क्रेडिट गारंटी योजना के तहत प्रति उधारकर्ता ₹500.00 लाख रुपये तक की गतिविधि को भी पात्र बना दिया है.

एम.एस.ई. खुदरा और थोक व्यापारियों की एक्सपोजर सीमा प्रति एम.एस.ई. उधारकर्ता ₹500 लाख रुपये तक है.

सी.जी.टी.एम.एस.ई.-हाइब्रिड सिक्योरिटी मॉडल

सी.जी.टी.एम.एस.ई. हाइब्रिड सिक्योरिटी मॉडल एक ऐसा उत्पाद है जो सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को क्रेडिट सुविधा के एक हिस्से के लिए संपार्श्विक सुरक्षा प्राप्त करने की अनुमति देता है, जबकि क्रेडिट सुविधा का शेष हिस्सा इसके अंतर्गत अधिकतम ₹500 लाख तक कवर किया जा सकता है.

हाइब्रिड सिक्योरिटी मॉडल एमएलआई

के लिए एम.एस.ई. को ऋण देने में सहज बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, विशेष रूप से वे जो पूरी ऋण राशि के लिए संपार्श्विक सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं. यह मॉडल एम.एस.ई. को अपनी पूरी संपत्ति को संपार्श्विक के रूप में रखे बिना वित्त तक पहुंच प्रदान करता है. संपार्श्विक सिक्योरिटी भी ली जा सकती है और इस संपार्श्विक सिक्योरिटी के आधार पर व्यक्तिगत गारंटी भी प्राप्त की जा सकती है.

क्रेडिट सुविधा के उस हिस्से के लिए गारंटी कवर जो संपार्श्विक द्वारा कवर नहीं किया गया है, अधिकतम प्रति उधारकर्ता 500 लाख तक की अनुमति है.

पारि -पासु शुल्क के बजाय एक कल्पित चार्ज होता हैं.

सी.जी.टी.एम.एस.ई. गारंटी मंजूरी/बकाया या अधिकतम बकाया (कार्यशील पूंजी खातों के मामले में) संपार्श्विक सुरक्षा के कम मूल्य तक सीमित होगी.

सी.जी.टी.एम.एस.ई. - कवरेज में अपात्र गतिविधियां

स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) पात्र नहीं हैं.

आंशिक संपार्श्विक सुरक्षा मॉडल (हाइब्रिड सुरक्षा मॉडल) के तहत पात्र ऋणों को छोड़कर किसी भी संपार्श्विक सुरक्षा या तीसरे पक्ष की गारंटी द्वारा समर्थित क्रेडिट सुविधा का हिस्सा है.

यह ब्याज दर आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार नहीं ली जाती है.

गारंटी कवर की तिथि के अनुसार खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है.

सी.जी.टी.एम.एस.ई. गारंटी कवरेज (01.04.2023 से)

उधारकर्ता श्रेणी	अधिकतम गारंटी कवरेज (01.04.2023 से)		
	5 लाख रु तक	5 लाख रुपये से अधिक और 50 लाख रुपये तक	50 लाख रुपये से अधिक और 500 लाख
अति लघु उद्योग	85%	75%	
पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित एम.एस.ई. (सिक्किम, जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश सहित)	80%		75 %
अग्निवीर से उमर का आनेवाली द्वारा महिला उद्यमियों/एम.एस.ई. हेतु	85%		
आकांक्षी जिले में स्थित एम.एस.ई.	85%		
ज़ेडईडो प्रमाणित एम.एस.ई.	85%		
एससी/एसटी उद्यमी/विकलांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी)	85%		
उधारकर्ताओं की अन्य सभी श्रेणियां	75%		

सी.जी.टी.एम.एस.ई. : भविष्य एवं संभावनाएं

डिज़िटाइज़ेशन: सी.जी.टी.एम.एस.ई. आने वाले वर्षों में अपने परिचालन को डिज़िटाइ. जेशन पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकता है. इससे ट्रस्ट की सेवाओं की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार करने में मदद मिलेगी.

कवरेज का विस्तार: सी.जी.टी.एम. एस.ई. अधिक एम.एस.ई. और अधिक प्रकार के ऋणों को शामिल करने के लिए अपने कवरेज का विस्तार करने की संभावना है. इससे वित्त तक पहुंच को अधिक समावेशी और न्यायसंगत बनाने में मदद मिलेगी.

नए उत्पाद और सेवाएँ: सी.जी.टी.एम.एस.ई. द्वारा एम.एस.ई. क्षेत्र की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए नए उत्पाद और सेवाएँ विकसित करने की संभावना है. उदाहरण के लिए, ट्रस्ट हरित अर्थव्यवस्था या डिजिटल अर्थव्यवस्था में एम.एस.ई. का समर्थन करने के लिए नए उत्पाद विकसित कर सकता है.

निष्कर्ष : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एम. एस.एम.ई.) राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. वे अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं. इन आर्थिक लाभों के अलावा, एम.एस.एम.ई. राष्ट्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण सामाजिक भूमिका निभाते हैं. वे पारंपरिक कौशल और शिल्प को संरक्षित करने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और सामुदायिक विकास में योगदान देने में मदद करते हैं. इसलिए सतत आर्थिक विकास के लिए एम.एस.एम.ई. आवश्यक हैं. वे रोजगार सृजन और नवाचार के इंजन हैं, वे गरीबी और असमानता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. एम.एस.एम.ई. को समर्थन देकर, सरकारें सभी के लिए अधिक समृद्ध और समावेशी भविष्य बनाने में मदद कर सकती हैं.

सुनील कुमार
यू.एल.ए., गुरुग्राम

आयात पर निर्भरता कम करने में एम.एस.एम.ई. की भूमिका

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम हमेशा से ही भारतीय अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं तथा सकल घरेलू उत्पाद, रोजगार सृजन और निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं. वर्तमान में देश में सक्रिय लगभग 6.3 करोड़ (एम.एस.एम.ई.) न सिर्फ देश की जीडीपी में एक बड़ा योगदान देते हैं बल्कि ये एक बड़ी आबादी के लिए रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराते हैं. गौरतलब है कि यह क्षेत्र लगभग 110 मिलियन रोज़गार उपलब्ध कराने के साथ श्रमिक बाज़ार की स्थिरता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. ऐसे में सरकार द्वारा वर्तमान में आत्मनिर्भर भारत अभियान पर विशेष ज़ोर दिये जाने के साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था तथा आर्थिक रणनीति की दृष्टि से एम.एस.एम.ई. की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है.

एम.एस.एम.ई. को बढ़ावा देने पर सरकार का ध्यान नया नहीं है और उनके विकास को समर्थन देने के लिए अतीत में कई पहलें की गई हैं. आत्मनिर्भर भारत अभियान ने इस क्षेत्र को नए सिरे से प्रोत्साहन दिया है और एम.एस.एम.ई. को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई उपाय किए गए हैं. ऐसा ही एक उपाय है आधार उद्योग मुफ्त योजना. आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, रोजगार पैदा करने और स्वदेशी विनिर्माण, नवाचार और निर्यात को बढ़ावा देने में एम.एस.एम.ई. की आत्मनिर्भर भारत अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका है.

आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए 2020 में भारत सरकार द्वारा एक मिशन शुरू किया गया था. इस मिशन का एक प्रमुख घटक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई.) का सशक्तिकरण है.

एम.एस.एम.ई. और भारतीय स्वतंत्रता : आजादी के शुरुआती दिनों से ही, एम.एस.एम.ई. का भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान रहा है. एम.एस.एम.ई. सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा, हस्तशिल्प, ऑटोमोटिव और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में फैले हुए हैं. इनकी वृद्धि और लचीलेपन ने आयात पर देश की निर्भरता को कम कर दिया है, जिससे भारत की आर्थिक स्वतंत्रता में योगदान मिला है.

इसके अलावा, एम.एस.एम.ई. आपूर्ति श्रृंखला विकास को बढ़ावा देते हैं, इंटरकनेक्टेड नेटवर्क बनाते हैं जो विभिन्न उद्योगों का समर्थन करते हैं. आपूर्ति श्रृंखलाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी से अर्थव्यवस्था की दक्षता बढ़ती है, जिससे यह अधिक आत्मनिर्भर हो जाती है और बाहरी व्यवधानों के प्रति कम संवेदनशील हो जाती है.

भविष्य की ओर, एम.एस.एम.ई. नवाचार और तकनीकी उन्नति के अग्रदूत बने रहेंगे. उनकी चपलता उन्हें उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने, भारत को नवाचार का केंद्र बनाने और इसकी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने की अनुमति देती है. एम.एस.एम.ई. क्षेत्र का विकास न केवल आर्थिक स्वतंत्रता में बल्कि रोजगार सृजन, हाशिए पर रहने वाले समुदायों के सशक्तिकरण और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी योगदान देता है.

भारत में एम.एस.एम.ई. को समझना : एम.एस.एम.ई. भारत के औद्योगिक परिदृश्य का आधार है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमों की एक विशाल श्रृंखला शामिल है. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अनुसार, एम.एस.एम.ई. भारत की जीडीपी, रोजगार और निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं. यह क्षेत्र रोजगार का एक प्रमुख जनरेटर है, जो लाखों लोगों को आजीविका प्रदान करता है, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में.

एम.एस.एम.ई. भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. यह भारत के औद्योगिक उत्पादन का लगभग 45% और कुल निर्यात का लगभग 40% हिस्सा हैं. इसका मतलब यह है कि एम.एस.एम.ई. देश की आर्थिक वृद्धि के एक महत्वपूर्ण हिस्से के लिए जिम्मेदार है. कपड़ा उद्योग में, एम.एस.एम.ई. का कुल रोजगार में लगभग 60% योगदान है. यह परिधान, जूते और अन्य उत्पादों के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. कृषि क्षेत्र में, एम.एस.एम.ई. प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, उर्वरक और कृषि मशीनरी जैसे उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के उत्पादन में शामिल हैं. कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला में भी ये महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. सेवा क्षेत्र में, एम.एस.एम.ई. परिवहन, पर्यटन और खुदरा जैसी कई गतिविधियों में शामिल हैं. एम.एस.एम.ई. भारत में रोजगार का एक प्रमुख स्रोत है और बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं को रोजगार देता है. यह लगभग 111 मिलियन लोगों को रोजगार प्रदान करता है, जो देश के कार्यबल का लगभग 40% है.

आत्मनिर्भरता के लिए उत्प्रेरक: एम.एस.एम.ई. भारत की आत्मनिर्भरता के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं, विभिन्न माध्यमों से आर्थिक स्वतंत्रता लाते हैं. ये उद्यम देश की आयात पर निर्भरता को कम करने, घरेलू नवाचार को बढ़ावा देने और एक मजबूत और आत्मनिर्भर आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

आयात पर भारत की निर्भरता को कम करके एम.एस.एम.ई. आत्मनिर्भरता में योगदान देने के प्राथमिक तरीकों में से एक है. घरेलू स्तर पर वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करके, एम.एस.एम.ई. विदेशी उत्पादों पर देश की निर्भरता को रोकने में मदद करते हैं. यह स्थानीयकृत उत्पादन न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है बल्कि वैश्विक आर्थिक उतार-चढ़ाव और व्यवधानों के खिलाफ इसके लचीलेपन को भी बढ़ाता है. स्थानीय मांग को पूरा करके और आयात को कम करके, एम.एस.एम.ई. आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था में अधिक योगदान देते हैं जो बाहरी झटकों को बेहतर ढंग से झेल सकती है.

एम.एस.एम.ई. आपूर्ति श्रृंखला विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे उद्योगों में परस्पर जुड़ाव का जाल बनता है. वे देश में उद्यमों की कुल संख्या का 60% हिस्सा हैं, और विभिन्न आपूर्ति श्रृंखलाओं में प्रमुख खिलाड़ियों के रूप में ये उद्यम अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों गतिविधियों का समर्थन करते हैं. आपूर्ति श्रृंखलाओं में उनकी भागीदारी घरेलू उत्पादन और वितरण नेटवर्क को बढ़ावा देती है, जिससे विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर भरोसा करने की आवश्यकता कम हो जाती है. देश की आपूर्ति श्रृंखलाओं के भीतर यह परस्पर निर्भरता अर्थव्यवस्था की समग्र दक्षता को बढ़ाती है और इसकी आत्मनिर्भरता में योगदान देती है.

एम.एस.एम.ई. की नवीन भावना और चपलता घरेलू नवाचार और तकनीकी प्रगति में योगदान करती है. ये उद्यम बड़े निगमों की तुलना में अधिक फुर्तीले और लचीले हैं, जो उन्हें बदलती बाजार मांगों के लिए जल्दी से अनुकूलित करने और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने की अनुमति देते हैं. उनके द्वारा नवीन प्रथाओं और अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने से भारत की तकनीकी प्रगति में योगदान होता है और देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है. जैसे-जैसे एम.एस.एम.ई. बढ़ते हैं और नवप्रवर्तन करते हैं, वे भारत के लिए नवप्रवर्तन का केंद्र बनने का मार्ग प्रशस्त करते हैं, जिससे आर्थिक स्वतंत्रता मिलती है.

आत्मनिर्भर भारत अभियान में एम.एस.एम.ई. की भूमिका : आत्मनिर्भर भारत अभियान के उद्देश्यों को प्राप्त करने में एम.एस.एम.ई. की महत्वपूर्ण भूमिका है. ये रोजगार, नवाचार और निर्यात के प्रमुख चालक हैं और उनकी वृद्धि भारत के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है. निम्नलिखित कुछ तरीके हैं जिनसे एम.एस.एम.ई. भारत की आत्मनिर्भरता में योगदान दे सकते हैं:-

स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देना : आत्मनिर्भर भारत अभियान का एक मुख्य उद्देश्य स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना है. एम.एस.एम.ई. भारत में बनी वस्तुओं का उत्पादन करके इस उद्देश्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. सही समर्थन और प्रोत्साहन के साथ, एम.एस.एम.ई. उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण कर सकते हैं जो आयातित वस्तुओं के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और एक आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बना सकते हैं.

रोजगार के अवसर पैदा करना : एम.एस.एम.ई. भारत में महत्वपूर्ण नियोक्ता हैं और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं. सही समर्थन और प्रोत्साहन के साथ, एम.एस.एम.ई. अधिक रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां नौकरी के अवसर कम हैं. इससे न केवल बेरोजगारी कम करने में मदद मिलेगी बल्कि देश की समग्र आर्थिक वृद्धि में भी योगदान मिलेगा.

नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना : एम.एस.एम.ई. अपनी नवोन्मेषी और उद्यमशीलता भावना के लिए जाने जाते हैं. सही समर्थन और प्रोत्साहन के साथ, वे नई प्रौद्योगिकियां, उत्पाद और सेवाएं विकसित कर सकते हैं जो आर्थिक विकास को गति दे सकती हैं और भारत को आत्मनिर्भर बना सकती हैं. सरकार ने एम.एस.एम.ई. के बीच नवाचार और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया कार्यक्रम जैसे कई पहल शुरू किए हैं.

निर्यात को बढ़ावा देना : भारत के निर्यात में एम.एस.एम.ई. का महत्वपूर्ण योगदान है और देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उनकी वृद्धि आवश्यक है. सही समर्थन और प्रोत्साहन के साथ, एम.एस.एम.ई. ऐसे वस्तुओं का उत्पादन कर सकते हैं जो विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी हैं और वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ा सकते हैं. इससे न केवल आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा बल्कि देश के लिए विदेशी मुद्रा भी उत्पन्न होगी.

निष्कर्ष : लगभग 130 करोड़ की आबादी वाले भारत जैसे देश की अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एम.एस.एम.ई.) क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है. यह उद्यमिता को बढ़ावा देता है और रोजगार के बड़े अवसर का निर्माण करता है एम.एस.एम.ई. अतिरिक्त खेतिहर मजदूरों को अपने में समाहित करने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में प्रछन्न बेरोजगारी की समस्या कम करने में सहायक है. एम.एस.एम.ई. सहायक इकाइयों के रूप में बड़े उद्योगों के पूरक भी है और द्वितीय एवं तृतीय क्षेत्र के पूरे इकोसिस्टम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. इस तथ्य को देखते हुए कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान देता है और आयात को कम करता है यह आवश्यक है कि इन्हे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) के साथ प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए एकीकृत होना चाहिए क्योंकि यह तकनीकी और डिजिटल रूप से सशक्त बनने का एक अवसर है. जीवीसी का हिस्सा होने से एम.एस.एम.ई. गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने में सक्षम बनेंगे जिनकी वैश्विक बाजार में अधिक स्वीकार्यता होगी.

शशि भूषण कुमार
क्षे.का., पटना

स्वतंत्रता दिवस समारोह

केंद्रीय कार्यालय, मुंबई

अंचल प्रमुख, भोपाल

अंचल प्रमुख, हैदराबाद.

अंचल कार्यालय, गांधीनगर

केंद्रीय कार्यालय एनेक्स मंगलूरु और अंचल कार्यालय, मंगलूरु

अंचल कार्यालय, पुणे

अंचल कार्यालय, विजयवाड़ा

अंचल कार्यालय, राँची

अंचल कार्यालय, कोलकाता

क्षेत्रीय कार्यालय, हल्द्वानी

क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर

क्षेत्रीय कार्यालय, बालेश्वर

क्षेत्रीय कार्यालय, रायगड़ा

क्षेत्रीय कार्यालय, गाजीपुर

क्षेत्रीय कार्यालय, कलबुरगी

क्षेत्रीय कार्यालय, मऊ

पारंपरिक उद्योगों का महत्व

अक्सर हम समाचार पत्र एवं औद्योगिक प्रकाशनों में पारंपरिक उद्योग के बारे में पढ़ते या जानकारी प्राप्त करते हैं. पर पारंपरिक उद्योग की परिभाषा क्या है? पारंपरिक उद्योग आर्थिक गतिविधियाँ हैं जिनमें वस्तुओं या सेवाओं का उत्पादन करने के लिए पारंपरिक तकनीकी, शारीरिक श्रम और स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जाता है. यह उद्योग आमतौर पर पीढ़ियों से किसी क्षेत्र की संस्कृति और अर्थव्यवस्था का हिस्सा रहे हैं और वे अक्सर किसी विशेष क्षेत्र में उपलब्ध स्थानीय रीति-रिवाजों, कौशल और सामग्रियों को प्रतिबिंबित करते हैं. पारंपरिक उद्योग किसी देश के विरासत के प्रमुख घटक हैं, जो इसकी सांस्कृतिक पहचान और आर्थिक विकास में योगदान करते हैं. भारत के पारंपरिक उद्योगों के कुछ उदाहरण है:

हस्तशिल्प: कपड़ा, मिट्टी के बर्तन, लकड़ी का काम, गहने और धातु का काम जिसमें हस्तनिर्मित वस्तुओं का उत्पादन शामिल है. ये शिल्प अक्सर सांस्कृतिक परंपराओं से गहराई से जुड़े होते हैं और कुशल कारीगरों द्वारा बनाए जाते हैं.

हैंडलूम और खादी वस्त्र: पारंपरिक तरीकों और तकनीकों का उपयोग करके कपड़े और वस्त्रों की बुनाई, जिसमें कपास, रेशम और ऊन जैसी स्थानीय रूप से प्राप्त सामग्री का उपयोग होता है.

कृषि उत्पादन: पारंपरिक खेती और कृषि पद्धतियाँ जिनमें फसलों की खेती, पशु पालन और छोटे पैमाने की कृषि संबंधित गतिविधियाँ शामिल हैं.

खाद्य प्रसंस्करण: पारंपरिक खाद्य प्रसंस्करण विधियाँ जैसे अचार बनाना, पापड़ बनाना, खमीरीकरण, खाद्य पदार्थों को सुखाना, आदि.

कुटीर उद्योग: छोटे पैमाने पर विनिर्माण या उत्पादन गतिविधियाँ जो आमतौर पर घरों या छोटी कार्यशालाओं में की जाती हैं, जैसे मोमबत्ती बनाना, साबुन बनाना, अगरबत्ती बनाना, मिठाई के डिब्बे बनाना, कागज उत्पादन इत्यादि.

मिट्टी के बर्तन और चीनी मिट्टी की वस्तुएं: मिट्टी के बर्तन और चीनी मिट्टी की वस्तुओं का निर्माण, स्थानीय रूप से प्राप्त मिट्टी का उपयोग करके किया जाता है और हाथ से या सरल उपकरणों का उपयोग करके आकार दिया जाता है.

हर्बल और पारंपरिक चिकित्सा: स्वदेशी ज्ञान और प्रथाओं के आधार पर हर्बल उपचार, पारंपरिक दवाओं और हर्बल तेल आदि का उत्पादन किया जाता है.

हस्तकला और हस्तशिल्प उत्पादन: पेंटिंग, मूर्तियां और सजावटी वस्तुओं का निर्माण, जो स्थानीय कला और कलाकारी के माध्यम से उस क्षेत्र की परंपराओं को दर्शाते हैं.

मछली पालन और जलीय कृषि: मछली पकड़ने और जलीय कृषि के पारंपरिक तरीके स्थानीय रूप से निर्मित नावों और जालों का उपयोग करते हैं.

पारंपरिक संगीत और प्रदर्शन कलाएँ: पारंपरिक संगीत, नृत्य और रंगमंच का प्रदर्शन, जो अक्सर किसी क्षेत्र के सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग होते हैं.

पारंपरिक उद्योगों का महत्व: पारंपारिक उद्योग ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से जुड़े होते हैं और वे सांस्कृतिक परंपराओं तथा प्रथाओं को संरक्षित करते हुए लाखों लोगों को आजीविका प्रदान करते हैं. जबकि पारंपरिक उद्योग अपनी प्रामाणिकता और शिल्प कौशल के लिए जाने जाते हैं. पारंपरिक उद्योगों को समर्थन देने और बनाए रखने के प्रयास सांस्कृतिक संरक्षण, आर्थिक विकास और इन गतिविधियों में शामिल लोगों की भलाई के लिए महत्वपूर्ण हैं. पारंपरिक उद्योग किसी समाज के आर्थिक और सांस्कृतिक दोनों पहलुओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. इनका महत्व विभिन्न प्रकार से देखा जा सकता है:

सांस्कृतिक विरासत संरक्षण: पारंपरिक उद्योग किसी क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान के साथ गहराई से जुड़े होते हैं. वह उन स्थानीय रीति-रिवाजों, शिल्प कौशल और पारंपरिक कौशल का संरक्षण करते हैं और उन्हें बढ़ावा देते हैं, जो पीढ़ियों से चले आ रहे हैं. यह उद्योग किसी समुदाय के इतिहास, कला और परंपराओं से संबंध बनाए रखने में मदद करते हैं.

सांस्कृतिक विविधता: पारंपरिक उद्योग किसी राष्ट्र की सांस्कृतिक विविधता में योगदान करते हैं. विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग पारंपरिक उद्योग हो सकते हैं, जो उन क्षेत्रों की अनूठी सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं.

कौशल और ज्ञान हस्तांतरण: पारंपरिक उद्योग पारंपरिक ज्ञान और कौशल के भंडार के रूप में कार्य करते हैं. यह ज्ञान आमतौर पर पुरानी पीढ़ियों से नई पीढ़ी तक विरासत के रूप में दिया जाता है, जिससे अद्वितीय तकनीकों और विशेषज्ञता की निरंतरता सुनिश्चित होती है. ये कौशल सांस्कृतिक प्रथाओं और शिल्प कौशल को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं.

रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास: पारंपरिक उद्योग श्रम प्रधान होते हैं, जो रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में. वे बेरोजगारी को कम करने में मदद करते हैं और स्थानीय समुदायों के लिए आय-सृजन के अवसर प्रदान करते हैं.

पर्यावरण-अनुकूल: कई पारंपरिक उद्योग टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं पर आधारित हैं. वे स्थानीय रूप से उपलब्ध, नवीकरणीय संसाधनों का उपयोग करते हैं और रसायनों और मशीनरी का न्यूनतम उपयोग करते हैं, जिससे वे पर्यावरण-अनुकूल बन जाते हैं.

पर्यटन और सांस्कृतिक संवर्धन: पारंपरिक उद्योग सांस्कृतिक पर्यटन को आकर्षित कर सकते हैं. पर्यटक अक्सर उन स्थानों पर जाकर अद्भुत अनुभव प्राप्त करते हैं जहां पारंपरिक शिल्प बनाए जाते हैं, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और पारंपरिक उत्पाद बेचे जाते हैं. इससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है और स्थानीय समुदायों को अतिरिक्त आय मिल सकती है.

निर्यात और आर्थिक विकास: हस्तशिल्प, कपड़ा, पारंपरिक खाद्य उत्पाद और पारंपरिक उद्योगों से अन्य वस्तुओं का निर्यात किया जा सकता है, जो देश की आर्थिक वृद्धि और विदेशी मुद्रा आय में योगदान देता है.

सामुदायिक सामंजस्य: पारंपरिक उद्योग करीबी समुदायों द्वारा चलाए जाते हैं. यह सामाजिक सामंजस्य और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है, सामुदायिक एकता को बढ़ाता है.

पारंपरिक उद्योगों के सामने आने वाली कठिनाइयाँ: भारतीय पारंपरिक उद्योगों का एक लंबा इतिहास है. ये उद्योग न केवल क्षेत्रीय असमानता को कम करने और आय तथा धन के न्यायसंगत वितरण में महत्वपूर्ण योगदान देता हैं, बल्कि अपेक्षाकृत कम पूंजी पर ग्रामीण और अविकसित क्षेत्रों के औद्योगिकीकरण में भी मदद करते हैं. घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए विशेष उत्पादों का विकास पारंपरिक उद्योगों के उत्पादों के लिए एक सुअवसर है, परन्तु पारंपरिक उद्योगों को कई सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें बड़े पैमाने पर उत्पादित वस्तुओं से प्रतिस्पर्धा, बाजारों तक सीमित पहुंच, दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के लिए आधुनिकीकरण की आवश्यकता, तकनीकी अक्षमता, पूंजी के कम साधन, अपर्याप्त मार्केटिंग और ब्रांडिंग इत्यादि शामिल है.

इन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए बहु-आयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जिसमें प्रौद्योगिकी में निवेश, कौशल विकास, वित्त तक पहुंच, ब्रांडिंग और सहायक नीतियों और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है. सरकारी पहल और उद्योग संघ इन कठिनाइयों को दूर करने और तेजी से बदलते आर्थिक परिदृश्य में पारंपरिक उद्योगों को पनपने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. ऐसा करने से, एक समाज अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर सकता है और यह सुनिश्चित कर सकता है कि पारंपरिक उद्योग उसके आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें.

पारंपरिक उद्योगों के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न पहल: भारत सरकार ने पारंपरिक उद्योगों के उत्थान के लिए 100 करोड़ रुपए की प्रारंभिक प्रतिबद्धता के साथ 2005 में एक कोष बनाया था, जिसका लक्ष्य इन व्यवसायों की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके सतत विकास में सहायता करना है. इस प्लानिंग के साथ 'स्कीम ऑफ़ फण्ड फॉर रीजेनरेशन ऑफ़ ट्रेडिशनल इंडस्ट्रीज (SFURTI-स्फूर्ति)' नामक एक केंद्रीय क्षेत्र योजना को मंजूरी दी गई. 'स्फूर्ती' का मुख्य लक्ष्य पारंपरिक उद्योग में ग्रामीण उद्यमियों और शिल्पकारों को स्थायी रूप से रोजगार देना है. यह कार्यक्रम समूहों में सामान्य सुविधा केंद्रों के निर्माण, उन्नत उपकरणों के वितरण, नए उत्पाद विकास आदि में भी सहायता प्रदान करता है ताकि उनके उत्पाद बाजार द्वारा संचालित हों. उत्तर-पूर्वी राज्यों, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश इत्यादि राज्यों में, एम.एस. एम.ई. मंत्रालय ने अब तक 513 क्लस्टरों को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 336 क्लस्टर क्रियाशील हैं.

इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने और भी कई सारी योजनाएँ निकाली है जैसे क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी स्कीम (सीएलसीएसएस). इस स्कीम के तहत, 15% अग्रिम पूंजी सब्सिडी देकर, खादी, ग्रामीण और कॉयर उद्योग इकाइयों जैसी छोटी कंपनियों को अपनी तकनीक उन्नत करने में मदद करता है. प्रधान मंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत 2008 में शुरू की गई यह योजना एक क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और बेरोज़गार युवाओं की मदद करके गैर-कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से स्व-रोज़गार के अवसर प्रदान करना है.

निष्कर्ष : भारत में पारंपरिक उद्योग विभिन्न कारणों से महत्वपूर्ण हैं. वे न केवल देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रदर्शित करते हैं बल्कि आर्थिक विकास और रोज़गार सृजन में भी योगदान देते हैं. इन उद्योगों को समर्थन देना उन कुशल कारीगरों और शिल्पकारों की आजीविका बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है जो पीढ़ी दर पीढ़ी अपने पारंपरिक ज्ञान को आगे बढ़ाते हैं. इसके अलावा, कई पारंपरिक उद्योग पर्यावरण संरक्षण की आधुनिक मांगों के अनुरूप टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं का उपयोग करते हैं. इन उद्योगों का समर्थन करके, भारत अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत कर सकता है, ग्रामीण रोज़गार के अवसर पैदा कर सकता है, और स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा दे सकता है अंततः देश में समग्र विकास और एक संतुलित आर्थिक परिदृश्य को बढ़ावा दे सकता है.

लीना सैकिया
अं.का., पुणे

एम.एस.एम.ई. : ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगिकीकरण का उपाय

सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एम.एस.एम.ई.) क्षेत्र पिछले पाँच दशकों में अत्यधिक जीवंत और गतिशील हुआ है और इसके महत्व को सारी दुनिया ने पहचाना है. एम. एस.एम.ई. किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास का प्रमुख अंग है. एम.एस.एम.ई. न केवल आर्थिक विकास एवं उत्पादन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं बल्कि बड़े उद्योगों की तुलना में कम पूंजी लागत पर बड़े रोजगार के अवसर प्रदान करने में तथा ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगिकीरण में भी मदद करते हैं जिससे क्षेत्रीय असंतुलन कम होता है. एम.एस.एम.ई. देश के प्राकृतिक सम्पत्तियों, राष्ट्रीय आय एवं राष्ट्र धन के न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करने में बड़ा योगदान देते हैं. सहायक इकाइयों के रूप में बड़े उद्योगों के लिए पूरक का काम करते हैं. वर्तमान में देश के सामाजिक आर्थिक विकास में इनका योगदान बढ़ता ही जा रहा है.

जहां तेजी से बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य ने विभिन्न अवसरों और चुनौतियों को जन्म दिया है, वहीं भारत में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र के लिए उत्पादकता बढ़ाने और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने आप को स्थापित करने के भी कई अवसर खुले हैं. भारत द्वारा किए गए अन्तरिक्ष मिशन में कई कल-पुर्जे छोटे एवं मध्यम इकाइयों द्वारा बनाए गए थे जिसके कारण इन इकाइयों को एक नई पहचान मिली है.

भारत एक कृषि प्रधान देश है और देश की जनसंख्या का एक बहुत बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है. यह हिस्सा आज भी पारंपरिक कृषि एवं मानसून पर निर्भर है और अपनी पूरी ज़िंदगी कृषि और मानसून के भरोसे गुजार देता है. पारंपरिक कृषि एवं मानसून पर निर्भरता इन्हें कई बार बड़ी मुश्किल में डाल देती है परंतु इनके पास और कोई दूसरा रास्ता भी नहीं है. सरकार इनके विकास के लिए हमेशा नए-नए कदम उठाती है एवं इन्हें आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश करती है पर यह इतना आसान नहीं है. कृषि एवं मॉनसून पर निर्भरता को कम करने के लिए इनके पास दूसरा विकल्प होना जरूरी है. एम.एस.एम.ई. उद्योग एक ऐसा क्षेत्र है जो इन्हें दूसरा विकल्प प्रदान कर सकता है. एम.एस.एम.ई. उद्योग काफी कम लागत में स्थापित किए जा सकते हैं एवं सरकार भी ऐसी इकाइयों के लिए कई तरह की सब्सिडी देती है. ऐसे में यह काफी महत्वपूर्ण हो जाता है कि सरकार कैसे इन ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लोगों को सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करती है.

किसी भी व्यवसाय में कुछ जोखिम के कारक होते हैं और कुछ चुनौतियाँ होती हैं. ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में औद्योगिकीकरण से जुड़ी चुनौतियाँ और उनका समाधान इस प्रकार हैं:

व्यवसाय की समझ एवं कौशल :

ग्रामीण परिवेश में खुद का व्यापार स्थापित करने एवं उसे सुचारु रूप से चलाने के लिए जरूरी समझ और कौशल की कमी होती है क्योंकि . ज्यादातर लोग कृषि के काम में ही निपुण होते हैं और उद्योग चलाने के लिए जरूरी कौशल या मार्गदर्शन उपलब्ध नहीं होता. इसकी कमी से ही ग्रामीण एवं पिछड़े प्रांत के लोग खुद का उद्योग स्थापित करने का जोखिम उठाने से डरते हैं. ऐसे में ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के बारे में सोचने वालों को नि:शुल्क जानकारी एवं मार्गदर्शन देने वाली संस्थाएं स्थापित की जानी चाहिए जो किसी भी समय उनकी सहायता के लिए उपलब्ध हो. साथ ही उद्योग स्थापना का दृढ़ निश्चय करने वालों को उस क्षेत्र में जरूरी कौशल की शिक्षा देने का कार्य भी होना चाहिए.

उद्योग एवं उससे जुड़े नियामक एवं विधिक प्रक्रिया की जानकारी:

किसी भी उद्योग के लिए कई नियामक एवं विधिक प्रक्रियाएँ हैं, जैसे जीएसटी निबंधन, अग्निशामक बोर्ड से मंजूरी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मंजूरी आदि कई प्रक्रियाएँ पूरी करनी होती है, जिसके लिए जरूरी जानकारी एवं प्रावधान के बारे में उन्हें मार्गदर्शन देने वाला कोई होना चाहिए. इसके लिए एक ही स्थान पर सभी तरह के निबंधन करवाने की सुविधा होनी चाहिए एवं उसके लिए जरूरी कागजात एवं दस्तावेज़ तैयार करने के लिए भी एक प्राधिकरण होना चाहिए जो उद्यमी को इन सभी पेचीदे काम में उलझने से बचा सके. समय-समय पर इन मंजूरियों की पुनरीक्षा के लिए भी मार्गदर्शन एवं सहयोग का प्रावधान होना चाहिए.

वित्तीय लेखा-जोखा एवं लाभ-हानि का सही आकलन करने की समझ :

किसी भी व्यवसाय के लिए उसके लाभ-हानि का लेखा-जोखा बहुत जरूरी होता है जो उसके लागत मूल्यों, उत्पादन क्षमता एवं उत्पादकता के साथ-साथ उसके विक्रय मूल्य एवं बाज़ार में उसके प्रतिस्पर्धिता को भी निर्धारित करता है. ऐसी स्थिति में ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्र के उद्योगों के लिए वित्तीय लेखा-जोखा एवं लाभ-हानि का हिसाब रखने के लिए एक संस्था होनी चाहिए जिसमें किसी भी इकाई का रिकॉर्ड पूरी तरह गोपनीय ढंग से सुरक्षित रखा जा सके और जरूरत पड़ने पर उस इकाई का पूरा ब्यौरा हासिल कराया जा सके.

कच्चे माल से दूरी एवं दर इकाई उत्पादन लागत का अधिक होना:

ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में कृषि को छोड़कर

किसी भी उद्योग के लिए कच्चे माल की उपलब्धता एक प्रमुख चुनौती है. चाहे वह लोहा हो, स्टील हो, प्लास्टिक हो, धागा हो या किसी भी तरह का कोई भी कच्चा माल, उसे ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों तक लाने का खर्च ही बहुत ज्यादा हो जाता है. साथ ही मांग तथा पूंजी की उपलब्धता के हिसाब से ये इकाइयां छोटी-छोटी मात्रा में कच्चे माल मांगा सकती हैं जिसके कारण दर इकाई लागत मूल्य बहुत ज्यादा हो जाता है. ऐसी स्थिति में यह जरूरी है कि कच्चे माल को क्षेत्रीय स्तर / ग्रामीण स्तर पर संचित किया जाए एवं विभिन्न प्रकार के कच्चे मालों के संचयन की समुचित व्यवस्था की जाए. इसमें ग्रामीण इकाइयों द्वारा साझा किए जाने वाले तर्ज पर संयुक्त संचयन की व्यवस्था पर विचार किया जा सकता है जिससे इकाइयों के लागत मूल्य में कमी लायी जा सकती है एवं कच्चे माल की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है.

विपणन के लिए बाजार :

किसी भी व्यवसाय के लिए बाज़ार की उपलब्धता महत्वपूर्ण होती है. लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के उत्पादों की खपत के लिए ग्रामीण बा. जार काफी नहीं हैं. उचित मूल्य और उचित बिक्री स्तर को प्राप्त करने के लिए व्यापक बा. जार की उपलब्धता एक अति महत्वपूर्ण कारक है. परंतु ग्रामीण क्षेत्र से दूसरे क्षेत्रों जैसे शहरी एवं अर्धशहरी क्षेत्रों की दूरी के कारण एवं अत्यधिक दर इकाई परिवहन पर होने वाले खर्च के कारण प्रतिस्पर्धिता पर संशय हो सकता है. अत: ऐसी स्थिति में पुन: साझा स्तर पर परिवहन एवं संचय की व्यवस्था करने से ग्रामीण उत्पादों को उचित बाज़ार, उचित मूल्य और उचित लाभ मिलने की पूरी संभावना है.

उद्योग के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाएं :

ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में जहां बिजली, पानी, सड़क आदि की सहज उपलब्धता में कमी होती है या उनकी गुणवत्ता पर संशय होता है, वहाँ किसी भी उद्योग के फलीभूत होने पर भी संशय होता है क्योंकि बुनियादी सुविधाओं की कमी से विभिन्न तरह की समस्याएँ जैसे स्वास्थ्य संबंधी समस्या, वाहनों की रख-रखाव पर अत्यधिक खर्च, बिजली की कमी से उत्पादन में समस्याएँ आदि ऐसी कई समस्याएँ हैं जिनसे ग्रामीण इकाइयों के भविष्य पर खतरा मँडराता है. ऐसी स्थिति में हर लक्षित गाँव एवं क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र / सोसाइटी की स्थापना एक अच्छा विकल्प हो सकता है जिसमें ग्रामीण इकाइयों के लिए मूलभूत सुविधाएं एवं बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा सकती हैं. इससे ग्रामीण इकाइयों की कुछ मुश्किलें जरूर कम हो जाएंगी.

जैसा कि पाया गया है, ग्रामीण क्षेत्रों में उपर्युक्त सभी समस्याओं से वहाँ के निवासियों में उद्यमिता के जोखिम उठाने का हौसला नहीं हो पाता है. ऐसी स्थिति में उपर्युक्त उपायों से उनकी कुछ समस्याओं एवं चुनौतियों को हल किया जा सकता है. यह सही है कि सरकार प्रधान मंत्री मुद्रा योजना, स्टार्ट अप योजना, स्टैंड अप योजना, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन योजना जैसे कई योजनाओं के द्वारा ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक मदद करती है; बैंक भी कई प्रकार की नयी-नयी योजनाएँ लाकर लोगों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं, परंतु निश्चय ही, उपर्युक्त चुनौतियाँ इन सभी योजनाओं पर भारी पड़ रही हैं इसीलिए ग्रामीण वर्ग उद्यमिता का जोखिम उठाने से डर रहा है.

ऐसी स्थिति में यह एक बहुत सही विकल्प होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि से संबन्धित उद्योगों को ज़ोर-शोर से बढ़ावा दिया जाए क्योंकि ऐसे उद्योगों में कच्चा माल कृषि उत्पाद ही होते हैं जो प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हैं. इससे निम्न समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है:

कृषि उत्पादों का उत्पादन सामयिक होता है जबकि इसकी जरूरत पूरे साल होती है. इसलिए कृषि उत्पादों का संग्रहण सही तरीके से होना बहुत जरूरी है. कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्र में उद्यमिता बढ़ाने का एक बहुत अच्छा विकल्प है.

ज़्यादातर ग्रामीण लोग कृषि उत्पादों से पूरी तरह वाकिफ होते हैं अत: उनके लिए इस क्षेत्र में उद्यम लगाना मुश्किल नहीं होगा. कृषि क्षेत्र में सामयिक बेरोजगारी बहुत हानिकारक होती है क्योंकि बोवाई के बाद किसानों के पास करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं होता है. ऐसी स्थिति में सामयिक बेरोजगारी के दौरान वो अपने उद्यम पर पूरा ध्यान दे सकते हैं.

भारत में ज्यादातर लोग धान और गेहूँ की खेती करते हैं और व्यावसायिक फसलों की पैदावार काफी कम होती है. इसका कारण उनके संग्रहण में आने वाली कठिनाइयाँ हैं. हालांकि व्यावसायिक फसलों की मांग एवं विक्रय मूल्य में निरंतरता रहती है पर किसान उस जोखिम के लिए तैयार नहीं हो पाता है. ऐसी स्थिति में उचित संग्रहण के जरिये किसान अपने व्यावसायिक फसलों का उचित मूल्य साल भर पा सकता है.

यह सर्वविदित है कि कृषि उत्पादों का जो मूल्य बाज़ार में होता है उससे कहीं कम किसानों को मिलता है. इसका प्रमुख कारण उसके संग्रहण पर होने वाले खर्च हैं. ऐसे में अगर किसान अपने उत्पादों का संग्रहण अपने ही उद्योगों में करे या उन कृषि उत्पादों के और बेहतर उपयोग की कोई विधि निकाल ले तो उसे अपने उत्पादों का और उचित मूल्य मिल सकता है.

अत: यह कहना अनुचित नहीं होगा कि सरकार को आर्थिक सहायता के अलावा साझा स्तर पर परिवहन, संग्रहण, संचयन, एवं अन्य साझा सुविधाओं पर ध्यान देना चाहिए. किसी भी व्यवसाय के लिए आय की निरंतरता ही उद्यमी को जोखिम लेने के लिए तैयार कर सकती है. इसके लिए भी सरकार को कुछ सोचना चाहिए. उपर्युक्त सभी उपायों से यह संभव है कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्र के लोग उद्यम स्थापित करने की प्रेरणा ले सकें एवं जोखिम उठाने को तैयार हो सकें.

कुन्दन कुमार सिन्हा
जेड.ए.ओ., विशाखपट्टणम

एम.एस.एम.ई. : भारतीय दृष्टिकोण

भारतीय परिप्रेक्ष्य में एम.एस.एम.ई. का महत्वपूर्ण स्थान है. भारत एक कृषि प्रधान देश है और आबादी की दृष्टि से विश्व में पहले स्थान पर है. भारत की आबादी में युवाओं की हिस्सेदारी अधिक है और यह आबादी विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए अमृत का कार्य कर रही है. आज विश्व भर में भारत ही एकमात्र देश है, जिसके पास युवा कार्यशील पूँजी सबसे अधिक मात्रा में है.

भारत में कृषि क्षेत्र के बाद सबसे ज्यादा रोजगार प्रदान करने वाला एम.एस.एम.ई. क्षेत्र ही है. वर्तमान में लगभग 6.5 करोड़ सक्रिय एम.एस.एम.ई. इकाइयाँ लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराती हैं.

अत्यधिक आबादी के कारण भारत ज्यादातर वस्तुओं के आयात पर निर्भर है, लेकिन सरकार द्वारा इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने हेतु विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है, जैसे आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप, स्टैंड अप इंडिया आदि. इसके अलावा सरकार द्वारा विभिन्न देशों से सम्पर्क कर उनके वहाँ स्थापित उद्योगपतियों से भारत में निवेश हेतु विभिन्न सुविधाओं का वायदा किया जा रहा है, क्योंकि जब किसी देश में उद्योगों का विकास होता है तो उसका चहुँ ओर प्रभाव होता है और वह देश की अर्थव्यवस्था का सामूहिक रूप से अभिवर्धन करता है.

एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु सरकार विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रही है. इसी परिप्रेक्ष्य में सर्वप्रथम सरकार द्वारा पुरानी चली आ रही एम.एस.एम.ई. की परिभाषा को बदलने का कार्य किया गया ताकि वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार सही आकलन किया जा सके. इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी का भी इसमें अधिकाधिक प्रयोग किया जा रहा है. विभिन्न सरकारी पोर्टल के द्वारा एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में पारदर्शिता का विकास हो रहा है, साथ ही यह सभी हितधारको में एक नए आत्मविश्वास को जन्म दे रहा है.

भारत में आज कई युवाओं द्वारा स्टार्ट अप स्थापित किये जा रहे हैं. ये स्टार्ट अप्स न केवल उन युवाओं के अपने आईडिया को वास्तविकता में बदलने का मौका दे रहे हैं, अपितु यह दूसरे युवाओं में भी एक नए जोश का संचार कर रहे हैं और उनमें उद्यमिता का विकास कर रहे हैं.

भारतीय युवा आबादी को एकीकृत करने में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है. इससे न केवल बढ़ती बेरोजगारी पर रोक लगाई जा सकती है, अपितु यह सामाजिक असमानता को भी कम करने में सहायक भूमिका निभा सकता है. भारतीय परिप्रेक्ष्य में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका व जिम्मेदारी है.

भारत में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु सरकार कई प्रकार के संबल लेकर आई है. अगर बड़े पैमाने पर देखें तो देश में वस्तुओं के उत्पादन में अभिवृद्धि हेतु सरकार पीएलआई (प्रोडक्शन लिंकड इंसेंटिव) स्कीम लेकर आई है. इस स्कीम के माध्यम से सरकार बड़े उद्योगों व उत्पादनकर्ताओं को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान कर रही है. इसकी वजह से न केवल देश में होने वाले आयात में कमी आएगी, अपितु निर्यात संवर्द्धन से विदेशी मुद्रा भण्डार में भी इज़ाफ़ा होगा. साथ ही अपने उत्पादन को बढ़ाने हेतु इन उद्योगों द्वारा अपनी उत्पादन क्षमताओं की अभिवृद्धि की जा रही है, जिससे देश में एम.एस.एम.ई. के लिए एक नया बाजार निर्मित हो गया है, साथ ही रोजगार के अवसरों में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है.

इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अपने-अपने स्तर पर एम.एस.एम.ई. क्षेत्र के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक व तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है. जैसे कई सरकारें कई प्रकार के लाइसेंस व कागजी कार्यवाही में राहत प्रदान कर रही है, साथ ही टैक्स आदि में रियायतें प्रदान कर रही हैं. सरकारों द्वारा नव उद्यमिता को पोषित करने हेतु कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं.

एम.एस.एम.ई. क्षेत्र हर जगह मौजूद है, सुई से लेकर हवाई जहाज के निर्माण तक किसी न किसी प्रकार से एम.एस.एम.ई. जुड़ा हुआ है. एक बड़े रोजगार प्रदाता के रूप में इस क्षेत्र का अपना महत्व है. साथ ही, अब भी कई एम.एस.एम.ई. इकाईयाँ हैं जो पारंपरिक तौर-तरीकों से चालित हैं, वे अभी तक एक निश्चित प्लेटफॉर्म पर नहीं आई हैं और सरकारों द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का उपभोग नहीं कर पा रही हैं.

भारत एक विकासशील देश है और आज भारत को आर्थिक दुनिया की पाँच बढ़ती ताकतों में गिना किया जाता है. साथ ही मानव संसाधनों की प्रचुरता ने भी विश्व के विभिन्न देशों का ध्यान भारत की ओर खींचा है. आज भारत विश्व में एक बहुत बड़ा उपभोक्ता बाजार बन कर उभरा है और यही सारी परिस्थितियाँ भारत के एम.एस.एम.ई. क्षेत्र के लिए संजीवनी बूटी का कार्य कर रही हैं.

देश के आर्थिक रखवाले अर्थात् बैंकों द्वारा भी एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं. आज एम.एस.एम.ई. इकाई को आसानी से ऋण उपलब्ध हो इस दिशा में भी बैंकों द्वारा अपनी कार्यप्रणाली व नियमों में आमूलचूल परिवर्तन किए जा रहें हैं. इन सभी सकारात्मक कदमों के चलते आज देश में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र अपने सबसे अच्छे समय से गुजर रहा है. साथ ही भविष्य में इस क्षेत्र के भारतीय परिप्रेक्ष्य में बहुत ही अहम भूमिका है और देश की अर्थव्यवस्था की धुरी इसी क्षेत्र पर निर्भर है.

अशोक कुमार धाकड़
एम.एल.पी., उदयपुर

M.S.M.E. : An Indian Perspective

Introduction : Micro, Small, and Medium Enterprises (MSMEs) Sector has long been recognized as the backbone of India's economy and plays a pivotal role in fostering economic growth, employment generation, and poverty alleviation. With over 63 million registered MSMEs, this sector contributes significantly to the Gross Domestic Product (GDP) of India.

Definition and Classification : In India, MSMEs are categorized based on their investment in plant and machinery or equipment. These classifications have evolved over time, with revisions in 2015 and 2020 to better align with the changing economic landscape.

Micro Enterprises: These are the smallest entities, typically owned and operated by a single individual. Micro-enterprises have investments of upto ₹1 crore in plant and machinery or equipment and annual turnover not more than Rs. 5 crores.

Small Enterprises: Small enterprises are slightly larger than micro-enterprises. They have investments between ₹1 crore and ₹10 crores in plant and machinery or equipment and annual turnover not more than Rs. 50 crores.

Medium Enterprises: Medium enterprises are the largest among MSMEs, with investments ranging from ₹10 crores to ₹50 crores in plant and machinery or equipment and annual turnover not more than Rs. 250 crores.

MSMEs are the lifeblood of the Indian economy for several reasons:

Employment Generation: MSMEs are one of the largest employers in India, providing jobs to millions of people, including those in rural areas. They are crucial in reducing unemployment and underemployment.

Contribution to GDP: MSMEs contribute significantly to India's GDP, accounting for approximately 29% of the GDP as of 2020. Their role in economic development cannot be overstated.

Promoting Entrepreneurship: MSMEs nurture entrepreneurship. They offer opportunities for individuals with innovative ideas and limited resources to establish and grow their businesses.

Regional Development: MSMEs are dispersed across the country, including rural and backward regions. Their presence helps in regional development by reducing regional disparities.

Export Growth: MSMEs play a vital role in India's export sector, contributing to around 49% of the country's total exports. They manufacture a wide range of products that find markets worldwide.

Factors that have led to the growth of M.S.M.E.: Increasing internet penetration, customer's familiarization with digital payments fuelled by B2C ecommerce players facilitate M.S.M.E. sector growth.

Tie-ups with new-age non-banking finance (FinTech) companies allowed access to timely collateral free finance to MSMEs.

It provides opportunity for budding entrepreneurs to build creative products boosting business competition and fuels growth.

Small industries and retail businesses in tier-II and tier-III cities create opportunities for people to use banking services and products.

Campaigns like Skill India, Startup India, Digital India and Make in India aim to provide M.S.M.E. players with a level playing field and a definitive push towards enhanced productivity.

Younger generations shift from agriculture towards entrepreneurial activities creates job prospects for others.

Challenges Faced by MSMEs

MSMEs face numerous challenges that hinder their growth and sustainability viz., Lack of Access to Finance, Infrastructure Deficiencies, Limited Technological Adoption, Regulatory Compliance, Skill Gaps and Marketing and Access to Markets.

Government Initiatives to Support MSMEs : The Indian government has recognized the critical role of MSMEs in the country's economic development and has implemented

various policies and initiatives to address their challenges and promote growth:

Financial Support: The government has launched schemes like the Pradhan Mantri Mudra Yojana to provide financial support to MSMEs, particularly micro-enterprises, through loans and credit facilities.

Credit Guarantee Fund Scheme: The Credit Guarantee Fund Scheme for Micro and Small Enterprises helps MSMEs secure collateral-free loans up to ₹5 crores.

Technology Upgradation: The Technology Upgradation Fund Scheme (TUFS) provides incentives for technological improvements and modernization of MSMEs.

Ease of Doing Business: Various measures have been taken to simplify regulatory compliance and reduce the bureaucratic burden on MSMEs.

Market Linkages: The government encourages MSMEs to participate in government procurement through schemes like the Public Procurement Policy for Micro and Small Enterprises (MSEs).

Skill Development: Skill India is an initiative aimed at enhancing the employability of the Indian workforce, including in the M.S.M.E. sector.

Export Promotion: Export-oriented MSMEs receive support through various schemes and incentives, such as the Export Promotion Capital Goods (EPCG) scheme.

MSMEs in a Post-Pandemic World

The COVID-19 pandemic had a profound impact on MSMEs in India. The lockdowns and disruptions in supply chains hit these enterprises hard. However, they also demonstrated remarkable resilience and adaptability. Many MSMEs shifted their focus to produce essential goods like personal protective equipment (PPE) and hand sanitizers during the pandemic, showcasing their ability to pivot quickly in response to changing circumstances.

In the post-pandemic world, MSMEs are poised to play a pivotal role in India's economic recovery. Here are some key considerations:

